अध्याय - 1
ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं प्रादेशिक बसाहट

1.1 ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

मध्यप्रदेश के सागर विदिशा, गुना और अशोक नगर जिलों को सम्मिलित कर बीना पेट्रोकमिकल प्रदेश की स्थापना मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के प्रावधानो के अन्तर्गत की गई है। मध्यप्रदेश को प्रादेशिक योजना के अन्तर्गत 8 प्रदेशो में विभाजित किया गया है। मानचित्र क्र.1.0. जो निम्नानुसार है :-

1. बीना पेट्रोकेमिकल प्रदेश
2. ग्वालियर एग्रो प्रदेश
3. बुन्देलखण्ड बधेलखण्ड प्रदेश
4. जबलपुर वन संपदा प्रदेश
5. वन एवं खनन मध्य सतपुड़ा प्रदेश
6. नर्मदा ताप्ती प्रदेश
7. इन्दौर एग्रो इण्डस्ट्री प्रदेश
8. भोपाल राजधानी प्रदेश

बीना पेट्रोकमिकल प्रदेश के उत्तर में ग्वालियर एग्रो प्रदेश एवं बुन्देलखण्ड बधेलखण्ड प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश राज्य स्थित है। पश्चिम में राजस्थान एवं पूर्व में जबलपुर वन संपदा प्रदेश एवं दक्षिण में भोपाल राजधानी प्रदेश स्थित है। बीना पेट्रोकमिकल प्रदेश के जिले भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से सागर राज्य का तीसरा बड़ा जिला, विदिशा चोदवाँ, गुना इक्कीसवाँ तथा अशोकनगर छत्तीसवाँ जिला है।

सागर जिला का इतिहास 1818 से प्रारंभ होता है। इस जिले का अधिकांश भाग बाजीराव द्वितीय के समय ब्रिटिश शासन में चला गया। सिंधिया ने 1820 से 1825 के बीच की अवधि में भिन्न भिन्न समयों पर सागर तहसील के राहतगढ़, रहेली, गढ़ाकोटा, देवरी में शासन करने के पश्चात् 1825 में ब्रिटिश राज्यों को सौंप दिया। सागर 1963-64 में जबलपुर कमिशनरी में मिला दिया गया था। वर्ष 2005 में सागर संभाग का पुर्नगठन कर इसके अन्तर्गत सागर, दमोह, पन्ना, टीकमगढ़, छत्तरपुर जिले शामिल कर सागर संभाग बनाया गया।

ऐतिहासिक व पुरातत्विक दृष्टिकोण से यह क्षेत्र मध्यभारत का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है। सन् 1952 में जनआग्रह पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने इस जिले का नाम विदिशा धोषित किया। विदिशा जिले का इतिहास काफी प्राचीन है। सर्वप्रथम इस क्षेत्र में मौर्य उसके पश्चात् नागा वंश, कल्चूरी, गौरी, खिलजी एवं मुगल सल्तनत का इस क्षेत्र में शासन रहा। समाट्र अशोक के बौद्ध धर्म ग्रहण करने के पश्चात् इस क्षेत्र में बौद्ध शिक्षा-दीक्षा प्रसार प्रचार हेतु स्तुपो का निर्माण प्रारंभ हुआ। विदिशा नगर से लगभग 20 कि.मी. पर साँची के प्रसिद्ध स्तूप स्थित है। महिष्मती नगरी के पतन के

बाद विदिशा पूर्वी मालवा की राजधानी बना। प्रशासकीय दृष्टि से विदिशा भोपाल संभाग के अन्तर्गत आता है।

गुना जिला गेटवे ऑफ मालवा के नाम से प्रसिद्ध है। गुना जिला ऐतिहासिक काल में अवंति राज्य का भाग था। इसके पश्चात् शिशुसंग द्वारा गुना जिले को अंवत राज्य में सम्मिलित किया गया। 18वीं शताब्दी के प्रारंम्भिक काल में गुना राधोगढ़ राज्य का हिस्सा था तथा चंदेरी मालवा राज्य के अन्तर्गत आता था। 1857 के विद्रोह के पश्चात् गुना जिला ग्वालियर राज्य के नियंत्रण में चला गया। 28 मई 1948 को गुना जिले को 16 जिलो के साथ मध्य भारत में शामिल किया गया। तथा 1956 में गुना जिला मध्यप्रदेश में शामिल हुआ।

अशोक नगर पूर्ववर्ती गुना जिले की अशोकनगर, ईसागढ़, मुँगावली तथा चंदेरी तहसीलों को सम्मिलित कर 15 अगस्त 2003 जिला बनाया गया।

1.2 क्षेत्रीय बसाहट एवं सम्पर्क

बीना पेट्रोकेमिकल प्रदेश में 4 मुख्य नगर है, जिसमें सागर, विदिशा, गुना एवं अशोकनगर शामिल है। बीना पेट्रोकेमिकल प्रदेश में कुल 29 नगरीय बसाहटे तथा 5527 ग्रामीण बसाहटे है। विदिशा जिले में विदिशा, ग्यारसपुर, बसोदा, नटेरन, कुरवई, सिंरोज, त्योंदा, गुलाबगंज एवं शामशाबाद है। सागर जिलें में सागर, राहतगढ़, रहेली, गढ़ाकोटा, देवरी, केसली, बण्डा, खुरई, बीना एवं मालथौन तथा गुना जिलें में गुना, चचोड़ा, बमोरी, कुम्भराज, राधोगढ़, आरोन, मकसूदनगढ़ अशोकनगर जिले में अशोकनगर, ईसागढ़, मुँगावली, चंदेरी एवं शाडोरा मुख्य बसाहटे है।

सागर, विदिशा, गुना एवं अशोकनगर प्रादेशिक प्रदेश की आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों नियंत्रित करते है। सागर जबलपुर, भोपाल, गुना, दमोह, छत्तरपुर, ललितपुर, बाँदा से जुड़ा हुआ है। विदिशा रायसेन भोपाल राजगढ़, गुना तथा सागर से जुड़ा है। गुना राजगढ़, भोपाल, ग्वालियर, झलावार तथा कोटा से जुड़ा हुआ है। अशोकनगर गुना ग्वालियर, विदिशा, ललितपुर एवं बीना (सागर) से जुड़ा है। **मानचित्र क्र.1.1** इस प्रकार बीना पेट्रोकेमिकल प्रदेश में क्षेत्रीय एवं उपक्षेत्रीय प्रभाव स्पष्ट देखा जा सकता है।

बीना पेट्रोकेमिकल प्रदेश की बसाहटों में नियोजन वृहद क्षेत्रीय परिवेश में करना नितान्त आवश्यक है। प्रदेश में हो रहे विकास संबंधी परिवर्तन नगर तथा क्षेत्रीय स्तर पर हो रहे अर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तनों से प्रभावित हो रहे है। प्रदेश का क्षेत्रीय परिवेश मुख्यतः सागर, गुना, अशोकनगर विदिशा, चंदेरी, बीनाइटावा, खुरई, बसोदा, गढ़ाकोटा, देवरी, राधोगढ़, सिंरोज, कुरवई आदि नगरों पर निर्भर पर करता है। इन नगरों का आकार जिस क्षेत्रीय भूभाग में स्थित है, उन क्षेत्रों की नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि के कारण तथा प्रदेश में यातायात संरचना क्षेत्रीय अधोसंरचना तथा औधोगिक विकास ऐसे महत्वपूर्ण प्रसंग है जिन्हे प्रादेशिक योजना में परिभाषित करने की आवश्यकता होगी।

सागर जबलपुर शहर, विदिशा भोपाल शहर के नजदीक होने के कारण अपेक्षाकृत तीव्र गति से बढ़ रहा है। भारत ओमान पेट्रोकेमिकल रिफायनरी की स्थापना के पश्चात् बीना तथा सागर क्षेत्र में यातायात का दवाब बढ़ा है। जिसके कारण इनके आस-पास नगरीयकरण की गति में तीव्रता आयी है। गुना डी.एम.आई.सी. कोरिडोर के अन्तर्गत आने से इस क्षेत्र में औधोगिक गतिविधियाँ तीव्र होने की संभावनाऐं बढ़ी है। अशोकनगर, सागर, गुना तथा उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिलो से जुड़ा हुआ है, एवं चंदेरी तहसील हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध है।

बीना पेट्रोकेमिकल प्रदेश में जनसंख्या वृद्धि न केवल राज्य के अन्य जिलों से बल्कि पड़ोसी उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान से प्रव्रजन के कारण हो रही है। प्रदेश मे हो रहे औधोगिक विकास के कारण विकास नितियाँ बनाई जाना आवश्यक है। तीव्र विकास को नियोजित करने के लिये प्रादेशिक योजना में नीतिगत विकास की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

बीना औद्योगिक प्रदेश से चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 3 आगरा-मुम्बई, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 26 यह मार्ग सागर, देवरी, नरसिंहपुर, लखनादौन को जोड़ता है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 26ए यह मार्ग जरूआखेडा, खुरई, बीना को जोडता है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 86 यह विदिशा, ग्यारसपुर, राहतगढ़, सागर, बंडा, शाहगढ, भोपाल से देवास होते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 3 में मिलता है।

बीना प्रदेश में कुल आठ प्रांतीय राजमार्ग हैं। प्रांतीय राजमार्ग क्र. 42 यह खुरई, मालाथोन नगरों को जोड़ता है। प्रांतीय राजमार्ग क्र. 23 यह गुना सिरोंज, बैरसिया ओर भोपाल को जोडता है। प्रांतीय राजमार्ग क्र. 20 गुना, ईसागढ़ को जोड़ता है। राजमार्ग क्र. 19 विदिशा, पिछोर को जोडता है। प्रांतीय राजमार्ग क्र. 15 सागर, धाना, रहली को जोडता है। प्रांतीय राजमार्ग क्र.14 यह सागर, गढाकोटा, राजाखेडी, दमोह को जोड़ता है।

बीना औद्योगिक प्रदेश में रेलमार्ग की सुविधा चारो जिलों में उपलब्ध है। बीना पश्चिम मध्य रेलवे का सबसे बडा जंक्शन है। बीना से ही दिल्ली, भोपाल मुख्य रेलवे लाईन गुजरती है। औद्योगिक प्रदेश में बीना के अलावा गुना, सागर अन्य जंक्शन है। बीना से गुना होकर कोटा, तथा सागर होते हुये कटनी मुख्य रेलवे लाईन हैं। गुना इटावा रेलवे मार्ग मक्सी, ग्वालियर को जोडता है। रिफाईनरी से बीना जंक्शन को पृथक से रेलमार्ग से जोड़ा गया है। विजयपुर गैस फिलिंग स्टेशन को भी पृथक से रेलमार्ग से जोड़ा गया है। जिला मुख्यालयों के अतिरिक्त बीना शहर, खुरई, गंजबासोदा, मंडी बामोरा, अशोकनगर, शाहपुर, मूंगावली, कुंभराजगढ, चचौड़ा मुख्य रेलवे स्टेशन हैं। मानचित्र क्र. 1.2 पर प्रदर्शित है।

1.3 निष्कर्ष

प्रादेशिक स्थिति एवं बसाहटों के मध्य सम्पर्क को ध्यान में रखते हुये प्रदेश में औधोगिकरण की प्रबल संभावनाऐं है। वर्तमान सम्पर्क तंत्र को अन्तराज्यीय एवं जिला स्तर पर सुदृढिकरण की आवश्यकता प्रतीत होती है। जिसमें वर्तमान राष्ट्रीय राज्यमार्ग एवं प्रांतीय राज्य मार्गो चौड़ीकरण किया जाना प्रस्तावित है। सागर-भोपाल, विदिशा-गुना के मध्य वर्तमान में कोई सीधा रेल सम्पर्क नहीं है।


75°0'0"E
80°0'0"E
25°0'0"N
20°0'0"N
RAJASTHAN
UTTAR PRADESH
GUJARAT
CHHATTISGARH
MAHARASHTRA
PLANNING REGIONS
OF
MADHYA PRADESH
MAP NO. 1.0
REFERENCES
PLANNING REGIONS
BHOPAL RAJDHANI PRADESH
BINA PETROCHEMICAL AND INDUSTRIAL REGION
BUNDELKHAND BAGHELKHAND PRADESH
FOREST AND MINING CENTRAL SATPURDA PRADESH
GWALIOR AGRO PRADESH
INDORE AGRO INDUSTRIES PRADESH
JABALPUR FOREST RESOURCE PRADESH
NARMADA TAPTI PRADESH
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL


80°0'0"E
25°0'0"N
SHIVPURI
JHANSI
KOTA
CHHATARPUR
ISAGARH
LALITPUR
GUNA
CHANDERI
ASHOKNAGAR
RAGHOGARH-VIJAYPUR
MUNGAWALI
BINA-ETAWA
SIRONJ
KHURAI
SAGAR
VIDISHA
BHOPAL
JABALPUR
INDORE
REGIONAL SETTING OF BPCL
MAP NO. 1.1
REFERENCES
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
URBAN CENTRE WITHIN BPCL
URBAN CENTRE OUTSIDE BPCL
RIVER/WATERBODIES
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL



BINA PETROCHEMICAL REGION
EXISTING TRANSPORT
MAP NO. - 1.2
REFERENCES
TRANSPORTATION
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
TEHSIL BOUNDARY
DISTRICT BOUNDARY
RIVER/WATERBODIES
TOWNS
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL
77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
TO LALITPUR
TO CHHATARPUR
TO DAMOH
TO BHOPAL
TO SILWANI

अध्याय - 2
प्रादेशिक क्षेत्र की रूपरेखा

2.1 प्रशासनिक व्यवस्था

मध्यप्रदेश के सागर विदिशा, गुना और अशोक नगर जिलों को मिलाकर बीना पेट्रोकेमिकल प्रदेश की स्थापना की गयी है। इस प्रदेश की सीमाऐं उत्तर में छतरपुर एवं शिवपुरी जिला, उत्तरप्रदेश, उत्तर दक्षिण में दमोह जिला, दक्षिण में रायसेन जिले एवं पश्चिम में राजगढ़ जिले एवं राजस्थान प्रदेश से लगी हुई है। इस प्रदेश में स्थापित पेट्रोकेमिकल्स ताप विद्युत गृह, विजयपुर गैस प्लांट तथा अन्य लघु एवं मध्यम उद्योगों को दृष्टिगत रखते हुये इस प्रदेश का औद्योगिक प्रदेश में परिसीमन किया गया है। भोपाल केपिटल प्रदेश से गुना, अशोकनगर और विदिशा जिलो तथा जबलपुर वन संपदा प्रदेश से सागर जिले को पृथक कर ''बीना पेट्रोकेमिकल्स औद्योगिक प्रदेश का गठन 1996 में किया गया।

प्रदेश रेल एवं सड़क मार्ग से सीधे जुड़े होने के कारण विकास की संभावना को देखते हुए सागर, विदिशा, गुना एवं अशोकनगर जिले को संपूर्ण रूप से इस प्रदेश में शामिल किया गया है। बीना के निकट भारत ओमान पेट्रोकेमिकल्स रिफाइनरी की स्थापना से इस प्रदेश में कई वृहद उद्योगों की स्थापना से अन्य कई वृहद, मध्यम एवं लघु उद्योगों की स्थापना की संभावनाएं प्रबल हुई है। इस औद्योगीकरण के कारण प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक एवं औद्योगिक विकास को एक महत्वपूर्ण दिशा मिलेगी। औघोगिक विकास के कारण बीना शहर से लगभग 60 से 70 कि.मी. की दूरी पर स्थित सभी बसाहटों पर प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से क्षेत्र का सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश प्रभावित होगा।

बीना प्रदेश के चारो जिले प्रशासनिक दृष्टिकोण से अलग-अलग राजस्व संभाग के जिले है। सागर जिला सागर संभाग में विदिशा जिला भोपाल संभाग में तथा गुना जिला एवं अशोकनगर जिला ग्वालियर राजस्व संभाग में है। जिलों की तहसीलों में विभक्त किया गया है। **मानचित्र क्र. 2.1**

प्रशासनिक व्यवस्था विवरण सारणी क्रमांक 2-सा-1 में संलग्न है। प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर एक जनपद पंचायत है। जनपद पंचायत में कई ग्राम पंचायतें हैं।

जिलावार प्रशासनिक व्यवस्था

2-सा-1

क्रमांक	जिला	तहसीलों की संख्या	विकासखण्ड की संख्या
1.	सागर	11	**11**
2.	विदिशा	10	**11**
3.	गुना	7	**6**
4.	अशोकनगर	5	**4**
	बीना रीजन योग -	**23**	**28**
		स्तोत्र :-	**म.प्र. जिला साँख्यिकी विभाग**

सागर में 11 तहसीलें, विदिशा में 10 तहसील, गुना में 7 तहसील तथा अशोकनगर में 5 तहसीलें हैं। विकासखण्ड की दृष्टि से सागर जिले को 11 विकासखण्डों में विदिशा को 7 विकासखण्डों में, गुना को 6 विकासखण्डों में तथा अशोकनगर को 4 विकासखण्डों में विभक्त किया है।

2.1.1 विकास योजना क्षेत्र

प्रदेश के नगरों के सुनियोजित स्वरूप के विकास के उद्देश से मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा - 13(1) के अन्तर्गत कुल 12 नगरों का निवेश क्षेत्र धोषित किया गया है। जिनका विवरण सारणी **2-सा-2** में प्रदर्शित है।

प्रदेश के नगरो का निवेश क्षेत्र गठन

2-सा-2

क्र.	निवेश क्षेत्र	गठन दिनाँक	जिला
1	विदिशा	19.05.75	विदिशा
2	बसोदा	13.05.77	विदिशा
3	कुरवई	30.04.77	विदिशा
4	सिरोंज	23.04.77	विदिशा
5	अशोकनगर	12.02.74	अशोकनगर
6	गुना	15.02.74	गुना
7	राधोगढ़	06.06.83	गुना
8	सागर	12.09.77	सागर
9	खुरई	30.04.77	सागर
10	बीना	01.10.73	सागर
11	गढ़ाकोटा	22.10.77	सागर
12	देवरी	03.11.77	सागर

विकास योजनाऐ विदिशा, अशोकनगर, गुना, सागर, खुरई एवं बीना नगरों में लागू है।

2.2 भौतिक स्वरूप

बीना पेट्रोकेमिकल्स औद्योगिक प्रदेश में सम्मिलित चारों जिले मध्यप्रदेश के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में स्थित मालवा के पठार पर स्थित है। सागर जिला मालवा के पठार के दक्षिण-पूर्वी छोर पर स्थित है। यह जिला नर्मदा के उत्तर की ओर स्थित है तथा नर्मदा की घाटी ही इसे दक्षिणी क्षेत्र से पृथक करती है। जिले की समुद्र तट से ऊंचाई उत्तर में घसान नदी की सतह पर 353.56 मी., दक्षिण-पश्चिम में नाहरमऊ की चोटी पर 683.36 मी. के बीच है। सागर जिले के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित भूमि सामान्यतया समतल है। खुरई बीना के मैदान, ऊंची पहाड़ियों के द्वारा शेष जिले से पृथक होते है।

सागर जिले के भौतिक स्वरूप की प्रमुख विशेषता घसान, बेवस, सोनार, कोपरा और बामनेर नदियों की पांच समानान्तर घाटियां है। इन घाटियों की भूमि अत्यन्त उपजाऊ है और इन्हीं में जिले की प्रमुख बसाहटें स्थित है। बेवस और सोनार नदी की घाटियों के बीच ऊंची पहाड़ियां है, ये घाटिया इनसे

पृथक होती है, नाहरमऊ जो कि जिले का सबसे ऊंचा स्थान 683.4 मी. समुद्रतल से ऊंचाई पर है, इन्हीं पहाड़ियों पर स्थित है। जिले की प्रमुख पर्वत श्रृंखलाएं दक्षिण-पश्चिम में स्थित लिघौरा से बण्डा तथा सागर से जैसिंहनगर है, मालथोन में उत्तरी दिशा में धमोनी से पन्ना की ओर विस्तारित प्रमुख पर्वत श्रृंखला स्थित है।

विदिशा जिला मालवा के पठार के ऊपरी बेतवा कछार में स्थित है। भौतिक स्वरूप के आधार पर जिले को पांच प्रमुख भागों में विभाजित किया जा सकता है। ये भाग धूमगढ़ वनक्षेत्र, सिरोंज का पठार, कुरवाई पठार, बेतवा मैदान और त्यौंदा पर्वत श्रृंखला।

धूमगढ़ वन क्षेत्र विदिशा जिले के पश्चिमी भाग में स्थित है। यह क्षेत्र गुना जिले में राघोगढ़-बजरंगढ़ पठारी क्षेत्र का विस्तारित क्षेत्र है। यह क्षेत्र मालवा पठार का भाग है और जिले में उत्तर-दक्षिण दिशा में विस्तारित है। जिले के मैदानी भाग की समुद्रतल से औसत ऊंचाई 500 मी. है, अधिकतम ऊंचाई 576 मी. बैरागढ़ के पास तथा न्यूनतम ऊंचाई 'सेरा' के पास है। इस क्षेत्र के उत्तर-पूर्वी तथा दक्षिणी-पश्चिमी भाग से कई जल स्त्रोतों का उद्गम है, भादेर, टेम और सोपान नदियां इस क्षेत्र से निकलकर दक्षिण की ओर बहती है। जिले की प्रमुख नदी 'सिंध' क्षेत्र के उत्तरी भाग से निकलकर उत्तर की दिशा में बहती है। विदिशा जिले का बहुत बड़ा भाग वन से आच्छादित है। ये वन काफी घने है तथा इसमें प्रमुखतः सागौन के जंगल है।

सिरोंज का पठार जिले के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित है। इस भाग का औसत ढाल उत्तर की ओर है एवं पहाड़ी श्रृंखला सिरोंज शहर के पश्चिम में दक्षिण-पश्चिम से उत्तर पूर्व की ओर विस्तारित है। इस भाग का उच्चतम बिंदु साखलोन ग्राम के निकट स्थित है जो कि 548 मी. है। केवतान नदी इस भाग से निकलकर उत्तर-पूर्व दिशा में बहती है। इस भाग के ऊंचाई वाले क्षेत्र में काफी घने जंगल तथा घनी झाड़ियां वाले वन हैं।

कुरवाई पठार जिले के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित है। यह क्षेत्र प्रमुखतः बेतवा और केथान नदियों के कटाव का क्षेत्र है। इस भाग में दक्षिण-पश्चिम से उत्तर पूर्व की दिशा में पहाड़ियां स्थित है जो कि बेतवा एवं केथान नदियों के जलग्रहण क्षेत्र को विभाजित करती है। इस भाग की ऊंचाई 409 मी. से 458 मी. के बीच है। बेतवा नदी इस भाग में विस्तृत घाटी में दक्षिण से उत्तर की ओर प्रवाहित होती है।

बेतवा मैदान जिले के मध्य एवं दक्षिणी भाग में स्थित है। पश्चिमी क्षेत्र में कुछ पहाड़ियों को छोड़कर यह भाग सामान्यतः मैदानी हैं इस भाग की औसत ऊंचाई 400 मी. है तथा सामान्य ढाल उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर है। बेतवा इस भाग में प्रवाहित होने वाली प्रमुख नदी है और इस भाग को दो भागों में बांटती है। बेतवा के बांये तट पर मिलने वाली नदियों में वेश, सकोदरा, वेन और मोतान तथा दाएं तट पर मिलने वाली नदियों में नेवान, वरकाद, परासी और केवतान प्रमुख है। यह भाग जिले का सर्वाधिक ऊपजाऊ भाग है।

त्योंदा पर्वतीय क्षेत्र जिले के पूर्वी भाग में स्थित है। यह भाग उत्तर-दक्षिण में लम्बाई में फैला हुआ है। इस भाग में सर्वाधिक ऊंचाई 666 मी. भिलियनपुरा ग्राम के निकट तथा न्यूनतम ऊंचाई 400 मी. झिल्लापुर के पास है। इस भाग के मध्य भाग में पहाड़ी स्थित होने के कारण संपूर्ण प्रवाह तंत्र दो भागों में विभक्त है। केवतान, सिंध और खान्वे नदियां इस भाग के पश्चिमी ओर तथा बवनाई, बर्घरा और रेहटी नदियां पूर्वी भाग में प्रवाहित है। घटेरा, ग्यारसपुर, रिछाई, माहोली और उदयपुर आरक्षित वन क्षेत्र है जिनमें सागोन प्रमुखता से पाया जाता है।

गुना जिला मालवा पठार के उत्तरी भाग में स्थित है। भौतिक स्वरूप के अनुसार इसे दो भागों में बांटा जा सकता है। उत्तरी भाग विन्ध्य पर्वत माला का भाग है तथा दक्षिणी भाग मालवा का पठार है। गुना जिले का दो तिहाई भाग मालवा का पठार है। इस जिले की मिट्टी काली व भूरी लाल है जो अत्यधिक उपजाऊं है। जिले का एक तिहाई भाग कैमूरी है यह क्षेत्र जिले के पूर्व और पश्चिम में स्थित है। जिले की समुद्रतल से ऊंचाई सामान्यतः 457 मी. से 459 मी. के बीच है। जिले के मध्य क्षेत्र में प्रमुखतः कृषि कार्य के लिये उपयोगी जमीन उपलब्ध है। जिले के उत्तर-पश्चिम में केवल झाड़ वाले वन है। जिले के पश्चिम तथा दक्षिणी भाग में सागोन तथा अन्य प्रकार के वृक्ष है जो कि गुना से प्रारंभ होकर राघोगढ़, चाचौडा तथा मकसूदनगढ़ तक फैले है।

अशोक नगर जिला मालवा के पठार के उत्तर पूर्वी भाग में सिंध एवं बेतवा नदियों के कछारी भाग में स्थित है। जिले की उत्तर पूर्वी सीमाएं इन्ही नदियों से बनी है जिले का दक्षिणी भाग मालवा के पठार तथा उत्तरी भाग मुख्यतः चंदेरी तहसील पहाडियों से घिरा हुआ है जो वनाच्छादित है। जिले का भौतिक स्वरूप ''बुन्देलखण्ड स्थालाकृति'' प्रकार का है यह जिला ''औद्योगिक प्रदेश'' का सबसे छोटा जिला है। और तवा एवं बेतवा नदी के मध्य क्षेत्र में घने वन है यह भाग जिले के अन्य भागों से अधिक उबड़खाबड़ है तथा प्रवाहतंत्र को दो भागों में विभक्त करता है। पूर्व की ओर बहने वाला प्रवाह बेतवा नदी में तथा पश्चिम में और नदी में मिलता है। पूर्वी प्रवाह मुख्यतः केलवास बांध का भरण क्षेत्र है। जिले के उत्तर एवं पूर्वी तथा उत्तर पूर्वी भाग में मुख्यतः आरक्षित वन है। अधिकतम उंचाई 528 मी. पिपरिया एवं पाठक्षेत्र ग्राम के मध्यम में है। औद्योगिक प्रदेश का भौतिक स्वरूप मानचित्र क्र. 2.2 में प्रदर्शित है।

2.2.1 प्रवाहतंत्र (ड्रेनेज)

''बीना पेट्रोकेमिकल्स औद्योगिक प्रदेश'' यमुना के कछार में स्थित है। इसमें सम्मिलित चारों जिलों में बहने वाली नदियां एक दूसरे में मिलती हुई अंततः यमुना में मिलती है। पूरे रीजन का ढाल सामान्यतः उत्तर-पूर्व की ओर है। प्रदेश का प्रवाहतंत्र मानचित्र क्र. 2.3 में प्रदर्शित है।

सागर जिले की प्रवाह तंत्र उत्तर एवं उत्तर-पूर्वी की ओर प्रवाहित है। जिले की समस्त नदियां उत्तर, उत्तर-पूर्व की ओर प्रवाहित होते-होते अंततः यमुना नदी में मिलती है। जिले की दक्षिणी सीमा से मात्र 10 कि.मी. की दूरी पर नर्मदा नदी प्रवाहित है किन्तु जिले का अधिकांश क्षेत्र यमुना के जलग्रहण क्षेत्र में है। जिले की पांच प्रमुख नदियां बीना, धसान, बेवस, सोना और बामनेर है। राघोगढ़ के पास बीना नदी का जल प्रपात अपनी प्राकृतिक सौंदर्यता के लिए प्रसिद्ध है। बेतवा नदी जिले में से नहीं बहती

किन्तु सागर एवं अशोकनगर जिले की सीमा बनाती है। इसी प्रकार उत्तर में धसान नदी भी सागर एवं ललितपुर जिले की सीमा बनाती है। प्रवाहतंत्र के बारे में सागर के ''सागर सरोवर'' का जिक्र करना आवश्यक है। यह 'सरोवर' 11वीं शताब्दी में बनवाया गया था। शहर के बीचों बीच स्थित यह सरोवर इस शहर के विकास का मुख्य कारक है। इसके अतिरिक्त जनता की नगरीय गतिविधियों में इसका बहुत महत्व है। सागर तहसील में वेवस नदी पर राजघाट बांध बनाया गया है।

विदिशा जिला पूर्ण रूप से यमुना के जलग्रहण क्षेत्र में स्थित है। जिले का ढाल दक्षिण से उत्तर की ओर है इसी दिशा में जिले की समस्त नदियां प्रवाहित है बेतवा नदी भोपाल जिले से प्रारंभ होकर विदिशा जिले में ग्राम पड़रिया के पास प्रवेश करती है। यह नदी मुख्यतः उत्तर-पूर्व की ओर प्रवाहित होती है बेतवा में मिलने वाली छोटी नदियों में बेस, बाहा, सागर, नरेन, केठान, बांए तरफ तथा केवतान दाएं तट पर मिलने वाली प्रमुख नदियां हैं। बेस नदी 'बेस और हलाली' के नाम से जानी जाती है। इस नदी पर हलाली बांध जिले की दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर स्थित है। यह नदी सीहोर जिले के परवलिया ग्राम से निकलती है। यह नदी रायसेन और विदिशा जिले की लगभग 20 कि.मी. सीमा बनाते हुए रायसेन जिले से विदिशा जिले के मैदान में प्रवेश करती है। बेतवा नदी के मिलने से पहिले 'बेस हलाली' नदी पर एक बांध बनाया गया है, जो हलाली बांध के नाम से जाना जाता है। लटेरी से छह कि.मी. दक्षिण पूर्व से निकलकर सागर नदी मैदानी भाग से बहकर बेतवा में मिलती है। बीना नदी रायसेन जिले से निकलती है, यह सागर और विदिशा जिले की सीमा बनाती है। बसनाई और बगारू इसके बाएं तट पर मिलने वाली सहायक नदियां है। सुमेर के निकट बेतवा नदी में मिलने से पहिले नियान नदी गढ़ी के निकट पहाड़ियों से निकलकर उत्तर-पश्चिमी दिशा में बहती है। केवतान नदी त्योंदा पर्वत श्रृंखला की महुआखेड़ा पहाड़ी से निकलती है और पूर्णतः विदिशा जिले में बहती हुई बेतवा नदी के दाएं तट पर मिलती है सिंध नदी लटेरी से 8 कि.मी. दूर से निकलती है और जालोन जिले में यमुना नदी में मिलने के पूर्व यह उत्तर की ओर गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया और भिण्ड जिलों से गुजरती है। पार्वती की सहायक नदी नेगरी पर रामपूर टेक एवं मुखावन बांध का निर्माण किया गया है। जो मुख्यतः सिंचाई एवं उद्योगों के लिए उपयोग में आता है।

गुना जिले के दक्षिण भाग की ऊंचाई अधिक होने के कारण सामान्यतः जिले के पानी का बहाव उत्तर-पश्चिम की ओर है। जिले में प्रमुख नदियां पार्वती, सिंध, बेतवा तथा कूनों का जिलान्तर्गत बहाव है। पार्वती नदी सीहोर जिले से निकलकर जिले की सीमा से लगभग 120 कि.मी. भाग में प्रवाह करती है। सिंध नदी विदिशा जिले से निकलकर जिले के मध्य में होती हुई 72 कि.मी. भाग में बहती है। बेतवा नदी जिले की पूर्वी सीमा बनाती है। दोनों नदियां जिले से निकलकर चंबल नदी में मिलती है। इन नदियों के किनारे काफी घने जंगल है। साथ ही मिट्टी के कटाव के कारण बड़े-बड़े बीहड़ बन गए हैं सभी नदियां बारहमासी है। जिले के उत्तर पश्चिमी भाग में चर्की, देकदे, पारनी, दापनी, मोजरी, दूबराज और उपरेनी नदियों का बहाव है जो पार्वती की सहायक नदियां हैं।

अशोक नगर जिला यमुना जलग्रहण क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। इस जिले में मुख्य नदियां बेतवा, सिंध केदार रची, और एव चौच है बेतवा नदी पूर्वी भाग से बहती हुयी सागर जिले तथा ललितपूर जिले को अलग करती है। बेतवा नदी पर एक बांध बनाया गया है जो ''केतवारा बांध'' के नाम से जाना

जाता है। केथान नदी मुरादनगर और सिरोंद के बीच स्थित सखलौन से निकलती है। लगभग 30 कि.मी. बहने के बाद यह गुना जिले में प्रवेश करती है।

जिले के मध्य भाग में और नदी एवं उसकी सहायक नदी रची प्रवाहित होती है। सिंध नदी जिले की पश्चिमी सीमा बनाती हुयी चंबल नदी में मिलती है। पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाले सभी नाले सिंध नदी में मिलते है। मुख्यरूप से यह जिला सिंध और बेतवा की सहायक नदियों का जलग्रहण क्षेत्र है।

2.2.2 जलवायु

बीना पेट्रोकेमिकल्स औद्योगिक प्रदेश की अक्षांशीय स्थिति के कारण वर्ष के अधिकतर माह में तापमान अधिक होता है तथा तापमान में विषमता पायी जाती है। माह नवम्बर से फरवरी तक शीत ऋतु उसके बाद मार्च से जून के मध्य तक गीष्म ऋतु रहती है। वर्षा ऋतु जून माह के मध्य से प्रारंभ होती है। वर्षा ऋतु से शीत ऋतु का परिवर्तन काल अक्टूबर माह में होता है। जनवरी वर्ष का सबसे ठंडा माह तथा मई सबसे गर्म माह होता है। प्रदेश में सागर जिले में अधिकतम तापमान 45^0 सें. मई माह तथा न्यूनतम तापमान 12^0 सें.ग्रे. जनवरी माह में रहता है। दक्षिण-पश्चिम की सीमा के पास के क्षेत्र में काफी अधिक वर्षा होती है और उत्तर तथा पूर्व की ओर वर्षा कम होती जाती है। जिले की औसत वर्षा 737 मी.मी. से 1000 मी.मी. हैं। वर्ष 2005 से 2008 के मध्य जिले की औसत वर्षा मानसून की अनिश्चितता के कारण कम हुयी है।

विदिशा जिले की जलवायु वर्षा ऋतु के अलावा मुख्यतः शुष्क है। मालवा पठारी क्षेत्र का भाग होने के कारण यहां गर्मी के मौसम में भी रात का मौसम प्रायः सुहावना रहता है मौसम के अनुसार वर्ष को मुख्यतः चार भागों में बांटा जा सकता है। वर्षा ऋतु जून से प्रारंभ होकर सितम्बर तक रहती है। अक्टूबर और नवम्बर शरद ऋतु रहती है दिसम्बर से मार्च तक शीत ऋतु रहती है तथा अप्रैल से जून मध्य तक ग्रीष्म ऋतु रहती है जिले में ठंड अधिक नहीं पड़ती किन्तु जनवरी के माह में शीत लहर आने से ठंड बढ जाती है। ग्रीष्म ऋतु में तापमान अधिकतम 46^0 सें.ग्रे. तथा न्यूनतम 26^0 सें.ग्रे. तक रहता है। शीत ऋतु में अधिकतम 25^0 सें.ग्रे. तक न्यूनतम 10^0 सें. ग्रे. तक रहता है। कभी-कभी पश्चिमी विक्षोभ के कारण तापमान 0^0 सें. ग्रे. तक चला जाता है।

गुना एवं अशोकनगर जिले की जलवायु उपोष्ण कटिबन्धीय है। अशोकनगर में शीत ऋतु नवम्बर से प्रारंभ हो जाती है इस ऋतु में तापमान 15^0 सें.ग्रे. से 5^0 सें.ग्रे. तक पहुंच जाता है। मई-जून सबसे अधिक गर्म माह है। गर्मियों में तापमान अधिकतम 47^0 सें.ग्रे से न्यूनतम 35^0 सें.ग्रे तक रहता है। जिले

की चंदेरी तहसील सबसे गर्म है। गुना जिले में गर्मियों में तापमान अधिकतम 45^0 सें. तथा न्यूनतम औसत तापमान 26^0 सें.ग्रे. के लगभग रहता है। शीत ऋतु में दिसम्बर से जनवरी के मध्य तापमान 7. 5^0 सें.ग्रे. से 12.60 सें.ग्रे. के बीच रहता है। मई माह सबसे ज्यादा गर्म एवं जनवरी सबसे ज्यादा ठन्डा माह है। जिले में वर्षा का औसत 700 मी.मी. से 1100 मी.मी. के लगभग है। वर्षा ऋतु जून से सितम्बर तक रहती है।

2.3 क्षेत्रीय भूमि उपयोग

बीना औद्योगिक प्रदेश के भूमि उपयोग एवं भू-आवरण के अन्तर्गत भूमि उपयोग का वर्गीकरण आबादी क्षेत्र (नगरीय एवं ग्रामीण), कृषि भूमि, वन क्षेत्र, पडत भूमि, नदी-नाले तथा जलाशय आदि को शामिल किया गया है। वन क्षेत्र के अंतर्गत घने वन, कम घने वन, रिक्त वन क्षेत्र, वृक्षारोपण क्षेत्र, गोचर आदि को शामिल किया गया है। वनक्षेत्र के बाहर के राजस्व वनों को ट्री क्लेड श्रेणी में शामिल किया गया है।

पथरीली भूमि जो कृषि कार्य हेतु उपयोग में नहीं लाई जा सकती, बीहड, छोटे झाड एवं झाडियों के क्षेत्र तथा गोचर क्षेत्र पड़तभूमि अन्तर्गत शामिल है। प्रदेश में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 4.06 प्रतिशत कृषि योग्य बंजर भूमि है जिसे कृषि कार्य हेतु उपयोग में लाया जा सकता है। वर्तमान एवं अन्य पड़ती भूमि के अन्तर्गत 1.7 प्रतिशत क्षेत्र है।

बीना औद्योगिक प्रदेश का कुल क्षेत्रफल 2853460 हेक्टेयर में से 483092 हेक्टेयर में वन क्षेत्र है। सागर जिले में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 21.37 प्रतिशत, गुना जिले में 16.07 प्रतिशत, विदिशा में 13.01 प्रतिशत तथा अशोकनगर में 11.30 प्रतिशत वन क्षेत्र है। सागर जिले में वन क्षेत्र का प्रतिशत अधिक है। इसलिये शुद्ध बोया गया क्षेत्र अन्य जिलों की तुलना में कम है। बीना प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग दो तिहाई भाग कृषि के अन्तर्गत आता है। बीना, धसान, बेबस, सोना, बामनेर, बेतवा, हलाली, केयान, सुमेर, पार्वती, सिंध, कूनों, नदी घाटियों के उपजाऊ मैदानों में गेहूं, धान, ज्वार, मक्का, चना, तुअर, सोयाबीन एवं तिल का उत्पादन होता है। विदिशा जिले में 72.87 प्रतिशत अशोक नगर में 65.48 प्रतिशत सागर जिले में 52.61 प्रतिशत तथा गुना जिले में 51.65 प्रतिशत भाग सकल बोए क्षेत्र में आता है।

2.4 सामाजिक एवं आर्थिक स्वरूप

2.4.1 सामाजिक

बीना पेट्रोकेमिकल्स औद्योगिक प्रदेश की जनसंख्या वर्ष 1971 में 25.04 लाख, वर्ष 1981 में 30.32 लाख तथा वर्ष 1991 में 39.28 लाख वर्ष 2001 में 49.03 लाख वर्ष 2011 में 59.22 लाख रही है। इस प्रकार जनसंख्या वृद्धि दर वर्ष 1971-81 में 24.11 प्रतिशत तथा वर्ष 1981-91 में 26.8 प्रतिशत तथा 1991-2001 के मध्य 25.0 प्रतिशत तथा वर्ष 2001-2011 के मध्य 20.42 प्रतिशत रही है। इस से स्पष्ट है कि 1991 से 2011 के मध्य जनसंख्या वृद्धि दर में 5.42 प्रतिशत की कमी आयी है।

प्रदेश के चारो जिलों में गुना जिले में कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत सबसे अधिक है। गुना में कुल कार्यशील जनसंख्या का कुल जनसंख्या से प्रतिशत 42.72 है, सागर जिले में 41.53 प्रतिशत, अशोकनगर में 38. 35 प्रतिशत तथा सबसे कम विदिशा जिले में 37.12 प्रतिशत है।



प्रदेश में बसने वाले प्रधान समुदाय हिन्दु, मुस्लिम, ईसाई एवं जैन है। जिनमें सर्वाधिक जनसंख्या हिन्दू धर्माम्लंबीयों की है। सिख, बौद्ध धर्म समुदाय को मानने वाले अनुयायीयों की संख्या कम है। सभी धर्म कई जातियों एवं उपजातियों में विभाजित है।

सागर जिले में कुर्मी एवं काक्षी, ढीमर, गोंड आधि जातियाँ है। विदिशा, अशोकनगर एवं गुना जिले में तेली,कुर्मी, मीणा, किरार, कोरी, बहर, बसोड़ तथा अनुसूचित जनजाति में गोंड़ एवं कोरू पाई जाती है।

2.4.2 आर्थिक स्वरूप

प्रदेश में वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत 39.94 है जबकि, राज्य स्तर पर यह प्रतिशत 42.74 तथा राष्ट्रीय स्तर पर 39. 10 प्रतिशत रहा है। गुना जिले में चारो जिलों में सबसे अधिक कार्यशील जनसंख्या है इसके बाद क्रमशः सागर, विदिशा, अशोकनगर जिले है। हालांकि सागर जिले में कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है।



सागर जिले में प्राथमिक सेक्टर में कार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत अन्य तीन जिलों की तुलना में कम है। सागर में प्राथमिक सेक्टर में 52.39 प्रतिशत, विदिशा में 74.32 प्रतिशत गुना में 80.96 प्रतिशत तथा अशोकनगर में सर्वाधिक 78.25 प्रतिशत है। जबकि द्वितीयक सेक्टर में सबसे अधिक कार्यशील जनसंख्या सागर जिले में है। सागर जिले में द्वितीयक सेक्टर में 24.34, प्रतिशत विदिशा जिले

में 2.5 प्रतिशत, गुना जिले में 2.54 प्रतिशत तथा अशोकनगर जिले में 4.07 प्रतिशत है। तृतीयक सेक्टर में सर्वाधिक प्रतिशत सागर जिले में 23.27 प्रतिशत, गुना जिले में 16.54 प्रतिशत, अशोक नगर जिले में 17.50 प्रतिशत तथा विदिशा जिले में 23.17 प्रतिशत है। समूहनुसार जनसंख्या का विवरण सारणी क्र. **2-सा-3** में वर्णित है।

कार्यशील जनसंख्या का वर्गीकरण - 2001

2-सा-3

क्रमांक	जिला	कुल जनसंख्या से कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत	कुल कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत		
			प्राथमिक समूह	द्वितीय समूह	तृतीय समूह
1.	सागर	41.53	51.25	22.13	18.58
2.	विदिशा	37.12	77.02	2.65	28.4
3.	गुना	42.72	80.96	2.54	16.54
4.	अशोकनगर	38.35	78.4	4.05	17.5

स्तोत्र :- म.प्र. जिला साँख्यिकी विभाग

2.4.3 औधोगिक स्वरूप

बीना पेट्रोकेमिकल प्रदेश में भारत ओमान रिफायनरी 733.4 हेक्टयर में ग्राम आगासोद के समीप स्थापित की गई है। जिसकी प्रस्तावित तेल शोधक क्षमता 6 मिलियन मेट्रिक टन है। बीना करंजिया मार्ग पर ग्राम जोध के निकट बीना पॉवर प्लॉट की स्थापना की गई है। इस संयंत्र से 500 मेगावाट प्रथम चरण में 750 मेगावाट द्वितीय चरण बिजली उत्पादन करने की योजना है। इस हेतू 244.22 हेक्टयर भूमि आंवटित की गई है। गुना जिले में गैस ॲथोरिटी ऑफ इंडिया, दीपक इस्पीनिंग मिल तथा नेशनल फर्टीलाइजर जैसी वृहद औधोगिक ईकाई है। प्रदेश में पेपर बोर्ड, वनस्पति तेल, व्हीट प्रोडक्ट्स, क्राफ्ट, सोया प्रोडक्ट्स, यूरिया, अमोनिया ओर सिन्थेटिक यार्न, मध्यम उद्योग स्थापित है।

सागर जिले के बण्डा तहसील के ग्राम सरोई, खुरई तहसील के ग्राम करमपुरा, दलपतपुर, बीना तहसील के ग्राम बेलई, आगासोत, सागर, तहसील के ग्राम सिन्दगवां पटनाकाकरी तथा बीना तहसील में बीना शहर के निकट एकीकृत औद्यौगिक विकास केन्द्र, गुना जिले में विजयपुर, चैनपुरा, राधोगढ, डोंगर, पीलूखेडी, कुसमोदा, सिलावटी, पगारा तथा गुना, विदिशा जिले में जतरापुरा, तथा अशोकानगर में औद्यौगिक विकास केन्द्र हेतु भूमि उपलब्ध कराई गई है।

प्रदेश की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत भी उल्लेखनीय है। 2001 की जनगणना के आधार पर बीना प्रदेश में कुल 49 लाख जनसंख्या में 14.94 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा 9.37 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति है। प्रदेश के जिलों में अनुसूचित जाति का प्रतिशत लगभग समान ही है यह सागर में 20.54 प्रतिशत, विदिशा में 19.85 प्रतिशत तथा

गुना में 14.46 प्रतिशत है तथा अशोकनगर में 20.32 प्रतिशत है। विदिशा जिले में अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत सबसे कम है। मध्यप्रदेश में अनुसूचित जाति का प्रतिशत 15.17 तथा अनुसूचित जनजाति का 20.27 प्रतिशत है। यही प्रतिशत राष्ट्रीय स्तर पर क्रमशः 16.20 एवं 8.20 है।

2.5 निष्कर्ष

प्रदेश के चारों जिले अलग-अलग राजस्व संभाग के जिले होने के कारण औधोगिक विकास के दृष्टिकोण से योजना का क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संबंधित राजस्व संभागो की होगी। प्रदेश के 12 नगरों का निवेश क्षेत्र विकास योजनाओं के लिये घोषित किया गया है। जिसमें विदिशा, अशोकनगर, गुना, सागर, बीना, खुरई नगरों की विकास योजनायें लागू है। प्रदेश की बेतवा, धसान, केन, सिंध, केथान मुख्य नदियाँ है। जलवायु उष्ण कटिबंधीय होने के कारण औसत तापमान ग्रीष्म ऋतु में अधिक होते है। औसत वर्षा 737 से 1000 मि.मी. के मध्य है। वर्षा की अनिशिचता मानसून के कारण बनी रहती है। अतः सतही जल का प्रबंधन द्वारा भूमिगत जलस्तर तथा सतही जलस्त्रोतो में जलसंचय से एवं जल की उपलब्धता वर्ष भर की जा सकती है।


77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
RAJASTHAN STATE
SHIVPURI DISTRICT
UTTAR PRADESH STATE
CHHATARPUR DISTRICT
DAMOH DISTRICT
NARSIMHAPUR DISTRICT
RAISEN DISTRICT
RAJGARH DISTRICT
BHOPAL DISTRICT
BAMORI
GUNA
ISHAGARH
CHANDERI
SHADORA
ASHOKNAGAR
RAGHOGARH
KUMBHRAJ
ARON
MUNGAOLI
CHACHAURA
MAKSUDANGARH
LATERI
SIRONJ
KURWAI
BINA
MALTHON
KHURAI
SHAHGARH
BANDA
VIDISHA
SHAMSHABAD
NATERAN
BASODA
TYONDA
SAGAR
RAHATGARH
GARHAKOTA
REHLI
GULABGANJ
GYARASPUR
KESLI
DEORI
BINA PETROCHEMICAL REGION
ADMISNISTRATIVE DIVISION
MAP NO. 2.1
REFERENCES
ADMINISTRATIVE DIVISION
GWALIOR DIVISION
SAGAR DIVISION
BHOPAL DIVISION
BOUNDARIES
REGION BOUNDARY
DISTRICT BOUNDARY
TEHSIL BOUNDARY
VIDISHA 10
SAGAR 11
ASHOK NAGAR 07
GUNA 05
N
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL


77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
BINA PETROCHEMICAL REGION
PHYSIOGRAPHY MAP
MAP NO. 2.2
REFERENCES
PLAIN
LOW LEVEL PLATEAU
MEDIUM LEVEL PLATEAU
HIGH LEVEL PLATEAU
REGIONAL BOUNDARY
DISTRICT BOUNDARY
TOWNS
TRANSPORTATION
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL


77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
BINA PETROCHEMICAL REGION
DRAINAGE MAP
MAP NO. - 2.3
REFERENCES
RIVER/WATERBODIES
STREAMS
CANAL
N
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL

अध्याय - 3

जनसंख्या एवं आर्थिक स्वरूप

3.1 जनसंख्या का आकार एवं परिवर्तन



जनसंख्या के आकार से तात्पर्य पर किसी भी क्षेत्र की जनसंख्या में अलग-अलग जीवों की संख्या से होता है। जनगणना आँकडो के अुनसार कुल जनसंख्या में से यदि 0-6 वर्ष के शिशु जनसंख्या को अलग करने के पश्चात् शेष जीवों की संख्या प्रजनन दर को प्रभावित करती है। बीना प्रदेश में प्रति 100 की जनसंख्या पर औसत 17 बच्चे है, जो राष्ट्रीय बच्चो के औसत से अधिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति 100 की जनसंख्या पर यह औसत 20 प्रतिशत के लगभग है। इससे स्पष्ट है कि बीना प्रदेश में प्रजनन दर अधिक है। प्रजनन दर अधिक होने के कारण जनसंख्या के आकार में वर्ष 2031 में जनसंख्या वृद्धि दर प्रजनन के अनुपात में विशेष प्रभाव नहीं डालती । जिसके कारण औसत जनसंख्या वृद्धिदर 2031 में 18.34 रहने की संभावना है।

वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार बीना पेट्रोकेमिकल्स प्रदेश की कुल जनसंख्या 49,02530 लाख है। गुना जिले में विजयपुर गैस संयंत्र एवं स्पीनिंग मिल्स के कारण जिले की जनसंख्या में 1991-2001 के मध्य सर्वाधिक 23.13 प्रतिशत वृद्धि हुई है। जबकि सबसे कम जनसंख्या वृद्धि सागर जिले में 18.50 प्रतिशत आँकी गई। वर्ष 2003 में अशोकनगर को गुना जिले से पृथक करने के पश्चात 1991-2001 के मध्य जनसंख्या वृद्धि 18.63 प्रतिशत अशोकनगर में हुई है। बीना प्रदेश में जनसंख्या परिवर्तन सारणी क्र. 3-सा-1 में प्रदर्शित है।

बीना प्रदेश में जनसंख्या परिवर्तन (1991-2001)

3-सा-1

जिला	जनसंख्या 1991			जनसंख्या 2001			वृद्धि जनसंख्या प्रतिशत में 1991-2001
	पुरूष	स्त्री	योग	पुरूष	स्त्री	योग	
सागर	876000	772000	1648000	1073000	949000	2022000	18.50
गुना	400000	351000	751000	517000	460000	977000	23.13
अशोक नगर	298000	261000	559000	366000	321000	687000	18.63
विदिशा	517860	452530	970390	647840	567020	1214860	20.12

स्तोत्र :- भारत की जनगणना 2001

विदिशा जिले में जनसंख्या वृद्धि दर 20.12 प्रतिशत रही है। इस जिले से मुख्यतः प्राथमिक सेक्टर के अंतर्गत कृषि का व्यवसाय प्रमुख है। बीना पेट्रोकेमिकल्स प्रदेश का क्षेत्रफल मध्यप्रदेश के क्षेत्रफल का 6.5



प्रतिशत है। यहां मध्यप्रदेश की जनसंख्या का 8.12 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है। बीना पेट्रोकेमिकल्स प्रदेश का तहसीलवार क्षेत्रफल एवं जनसंख्या वर्ष 1991 एवं 2001 की जनगणना के आधार पर सारणी क्र. 3-सा-2 में प्रदर्शित है। वर्ष 1991-2001 के मध्य सागर तहसील में सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि एवं गढ़ाकोटा, रहेली, आरोन, चाचोंड़ा एवं कुम्भराज में न्यूनतम वृद्धि आँकी गई है।

क्षेत्रफल के आधार पर प्रदेश का सबसे बडा जिला सागर एवं सबसे छोटा अशोकनगर जिला है। जनसंख्या के आधार पर सागर सबसे बडा जिला और अशोकनगर सबसे छोटा जिला है। प्रदेश में कुल 23 तहसीले एवं 28 विकासखण्ड है। वर्ष 1991 में प्रदेश की जनसंख्या 39.28 लाख थी, जो 2001 में बढकर 49.02 लाख हो गई है। वर्ष 1981-1991 के मध्यप्रदेश में जनसंख्या वृद्धि दर 27.24 प्रतिशत रही, जबकि 1991-2001 के मध्य जनसंख्या वृद्धि दर 24.26 प्रतिशत रही है। वर्ष 2011 के प्रारंभिक जनसंख्या आकड़ों के अनुसार 2001-2011 के मध्य जनसंख्या वृद्धि दर 4.0 प्रतिशत कम होकर 20.3 प्रतिशत रही हैं। वर्ष 2001 से 2011 के मध्य दशकीय वृद्धिदर का प्रतिशत मानचित्र क्र. 3.1 में प्रदर्शित है। मानचित्र क्र. 3.2 प्रदर्शित दशकीय वृद्धिदर 2001 से 2011 के मध्य कम हुयी है। दशकीय वृद्धिदर में जिलावार ऋणात्मक कमी मानचित्र क्र. 3.3 में प्रदर्शित है।

क्षेत्रफल, जनसंख्या वर्ष 1991–2001

3-सा-2

क्रमांक	तहसील	क्षेत्रफल	जनसंख्या	
			1991	2001
1	सागर	2475.70	659.30	694.07
2	खुरई	1435.50	231.62	293.06
3	बीना	687.20	136.57	173.79
4	गढ़ाकोटा	373.40	85.80	102.13

5	देवरी	1515.20	204.47	151.25
6	रहेली	502.60	95.88	117.70
7	बन्डा	1338.0	234.08	283.59
8	विदिशा	1066.00	211.16	268.19
9	ग्यारसपुर	872.00	87.22	106.93
10	बसोदा	1218.00	186.96	242.08
11	लटेरन	1069.00	123.70	155.24
12	कुरवई	827.00	113.06	136.86
13	सिरोंज	1254.00	159.77	193.39
14	लटेरी	986.00	86.54	112.13
15	गुना	3154.70	339.47	447.98
16	अशोकनगर	1242.90	181.12	227.40
17	ईसागढ़	1130.80	122.81	148.50
18	मुंगावली	1224.00	149.24	182.49
19	चंदेरी	1071.20	106.08	130.53
20	राघोगढ़	1126.10	157.93	210.27
21	आरौन	833.80	91.23	117.93
22	चाचोंड़ा	597.20	86.38	106.156
23	कुम्भराज	596.00	76.01	95.476

वर्ष 2011 के आंकड़ों के अनुसार 0-6 वर्ष के शिशुओं का लिंगानुपात सागर जिले में 925, विदिशा जिले में 922, अशोक नगर जिले में 914 तथा गुना जिले में सबसे कम 901 प्रति हजार रहा है। कुल जनसंख्या में शिशु अनुपात सागर जिले में 14.8, विदिशा जिले में 15.8, अशोकनगर एवं गुना जिले में 16.2 प्रतिशत रहा है। साक्षरता का प्रतिशत सर्वाधिक सागर जिले में 77.5 प्रतिशत, विदिशा जिले में 72.1 प्रतिशत, अशोकनगर जिले में 67.9 प्रतिशत तथा गुना जिले में सबसे कम 65.1 प्रतिशत रहा है। साक्षरता दर महिलाओं की अपेक्षा पुरूषों में अधिक रही है। महिलाओं में सर्वाधिक साक्षरता का प्रतिशत सागर जिले में 67.4, सबसे कम गुना जिले में 52.5 प्रतिशत रहा है।







वर्ष 2001-2011 के मध्य जनसंख्या वृद्धि दर में सर्वाधिक कमी (-) 6.1प्रतिशत सागर जिले में रही है। विदिशा जिले में (-) 5.2 प्रतिशत अशोक नगर जिले में (-) 3.3 प्रतिशत तथा गुना जिले में (-) 0.5 प्रतिशत वृद्धि दर में परिवर्तन आया है। मानचित्र क्र. 3.3

3.2 जनसंख्या वृद्धि दर

बीना पेट्रोकेमिकल्स औद्योगिक प्रदेश की जनसंख्या वर्ष 1971 में 25.04 लाख, वर्ष 1981 में 30.32 लाख तथा वर्ष 1991 में 39.28 लाख वर्ष 2001 में 49.2 लाख थी। जनसंख्या वृद्धि दर वर्ष 1971-81 में 24.11 प्रतिशत तथा वर्ष 1981-91 में 26.8 प्रतिशत तथा 1991-2001 के मध्य 25.0 प्रतिशत थी। स्पष्ट है कि 1991 से 2001 के मध्य प्रदेश की जनसंख्या वृद्धि दर में 3.00 प्रतिशत तथा 2011 में 4 प्रतिशत की कमी आयी है।

बीना प्रदेश की वर्ष 1981 से 2001 के बीच तहसीलवार जनसंख्या वृद्धि का विवरण सारणी क्र. 3-सा-3 में प्रदर्शित है। सारणी से स्पष्ट है कि, वर्ष 1991-2001 में चंदेरी, राघोगढ़, गुना जिले की तहसील में जनसंख्या वृद्धि दर सर्वाधिक 33.14 प्रतिशत रही है तथा सागर जिले की सागर तहसील में वृद्धि दर सबसे कम 5.27 प्रतिशत रही है। बासौदा, लटेरन, लटेरी, बीना, खुरई, अशोकनगर, गुना, मुंगावली, आरोन, चाचौड़ा, कुंभराजगढ तहसीलों की वृद्धि दर राज्य की औसत वृद्धि दर से 24.3 प्रतिशत से अधिक रही है।

विदिशा जिले की लटेरी तहसील की वृद्धि दर तथा गुना जिले की गुना, राघोगढ़, तथा आरोन तहसील की वृद्धि दरें राज्य औसत से अधिक है। गुना जिले की ईसागढ़ तहसील की वृद्धि दर राज्य की वृद्धि दर के बराबर है। शेष अन्य तहसीलों की वृद्धि दरें राज्य औसत से कम हैं।

तहसीलवार जनसंख्या वृद्धि वर्ष 1981-2001

3-सा-3

क्रमांक	तहसील	जनसंख्या वृद्धि दर प्रतिशत में 1981-1991	जनसंख्या वृद्धि दर प्रतिशत में 1991-2001
1	सागर	24.86	22.76
2	खुरई	24.52	26.52
3	बीना	17.73	27.25
4	गढ़ाकोटा	20.76	19.04
5	देवरी	25.75	30.35
6	रहेली	26.41	22.50
7	बन्डा	27.91	21.15
8	विदिशा	26.30	27.00
9	ग्यारसपुर	18.74	22.60
10	बसोदा	26.02	29.48
11	लटेरन	23.19	25.49
12	कुरवई	20.64	21.05
13	सिरोंज	22.69	21.04
14	लटेरी	26.91	29.57
15	गुना	39.35	31.96

16	अशोकनगर	36.57	25.55
17	ईसागढ़	26.8	20.92
18	मुंगावली	23.74	22.28
19	चंदेरी	26.54	33.14
20	राघोगढ़	42.34	33.14
21	आरौन	30.00	29.27
22	चाचौंड़ा		22.89
23	कुम्भराज	22.73	25.60

बीना प्रदेश की तहसीलों की वृद्धि दरों की तुलना यदि बीना रीजन की औसत दस वर्षीय वृद्धि दर 25.0 प्रतिशत से की जाए तो सागर जिले की रेहली तथा बण्डा, गुना जिले की मुंगावली को छोड़कर अन्य सभी की वृद्धि दर प्रदेश के औसत वृद्धि दर से अधिक है। विदिशा जिले की विदिशा, बासौदा, लटेरन, लटेरी तहसील की वृद्धि दर प्रदेश की वृद्धि दर से अधिक, जबकि शेष तहसीलों की वृद्धि दर प्रदेश की औसत वृद्धि दर से कम रही है। जिला स्तर पर तुलना करने पर अशोकनगर जिले की वृद्धि दर प्रदेश की औसत वृद्धि दर से अधिक है।

3.3 जनसंख्या घनत्व

किसी जिले या राज्य का क्षेत्रफल में बड़ा या छोटा होना उसकी जनसंख्या की तीव्रता का मार्गदर्शी सिद्धांत नहीं होता है। क्षेत्रफल के सापेक्ष जनसंख्या का वितरण जनसंख्या घनत्व से सही प्रकार से प्रदर्शित होता है। बीना प्रदेश का कुल क्षेत्रफल 2853460 वर्ग कि.मी. है। जो मध्यप्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 6.5 प्रतिशत है। वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार रीजन की कुल जनसंख्या 49,2,530 थी। जनसंख्या के आकार के अनुसार अधिकतम से न्यूनतम जनसंख्या का जिलावार वितरण मानचित्र क्र. 3.4 एवं घनत्व सारणी 3 सा 4 में प्रदर्शित है। जो वर्ष 2011 में बढ़कर 59,22,424 हो गई। वर्ष 2001 से 2011 के मध्य दशकीय वृद्धि दर 20.42 प्रतिशत रही है। जनसंख्या का घनत्व वर्ष 2001 के 172 व्यक्ति प्रति कि.मी. से वर्ष 2011 बढ़कर 207 व्यक्ति प्रति कि.मी. हुआ है। बीना प्रदेश के चारों जिलों का जिलावार प्रति व्यक्ति घनत्व मानचित्र



क्र. 3.5 में प्रदर्शित है। वर्ष 2001 से 2011 के मध्य दशकीय प्रति व्यक्ति धनत्व में हुयी वृद्धि का प्रतिशत मानचित्र क्र. 3.1 में प्रदर्शित है।

जनसंख्या एवं घनत्व - जिलावार 2011

3-सा-4

क्रमांक	जिला	क्षेत्रफल वर्ग कि.मी.	जनसंख्या (लाख) 2011	घनत्व व्यक्ति प्र.वर्ग कि.मी.
1	2	3	4	5
1.	सागर	10252	2378295	231
2.	विदिशा	7301	1458212	199
3.	गुना	6307.66	1240938	196
4.	अशोकनगर	4673.94	844979	180
	बीना रीजन योग-	**28534.60**	5922424	**207**

स्तोत्र :-भारत की जनगणना 2011 (प्रारंभिक)

इस क्षेत्र में कुल 49.02 लाख जनसंख्या निवास करती है। वर्ष 1991 में प्रदेश की कुल जनसंख्या 39. 28 लाख थी। इसी आधार पर वर्ष 1991 में घनत्व 1981 की तुलना में बढ़कर 137 से बढ़कर 166 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. हो गया। वर्ष 1991 में सबसे अधिक घनत्व सागर तहसील 266 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. तथा सबसे कम लटेरी तहसील का घनत्व 89 प्रति वर्ग कि.मी. था। वर्ष 2001 में सबसे अधिक घनत्व सागर तहसील 418 प्रति वर्ग कि.मी. तथा सबसे कम बामोरी तहसील का घनत्व 85 प्रति वर्ग कि.मी. है। स्पष्ट है कि, जनसंख्या के घनत्व में वृद्धि समूचे रीजन में समान रूप से हुई है। फिर भी जनसंख्या घनत्व में सर्वाधिक वृद्धि सागर तहसील में (266 से 418 प्रति वर्ग कि.मी.) तथा सबसे कम वृद्धि लटेरी तहसील में (89 से 114 प्रति वर्ग कि.मी.) हुई। प्रदेश की कुल 23 तहसीलों का



जनसंख्या घनत्व सारणी क्र. 3-सा-5 में प्रदर्शित है। ग्रामवार जनसंख्या घनत्व **मानचित्र क्र. 3.6** में प्रदर्शित है।

तहसीलवार जनसंख्या घनत्व 1991 एवं 2001

3-सा-5

क्रमांक	तहसील	क्षेत्रफल	जनसंख्या	जनसंख्या घनत्व	जनसंख्या	जनसंख्या घनत्व
			1991	1991	2001	2001
1	सागर	2475.70	659.3	266	694.070	280
2	खुरई	1435.50	231.62	161	293.067	204
3	बीना	687.20	136.57	199	173.796	252
4	गढ़ाकोटा	373.40	85.8	230	102.139	273
5	देवरी	1515.20	204.47	135	151.250	99
6	रहेली	502.60	95.88	181	117.701	234
7	बन्डा	1338.0	234.08	175	283.590	204
8	विदिशा	1066.00	211.16	198	268.199	251
9	ग्यारसपुर	872.00	87.22	100	106.938	122
10	बसोदा	1218.00	186.96	146	242.085	198
11	लटेरन	1069.00	123.7	116	155.241	145
12	कुरवई	827.00	113.06	124	136.862	165
13	सिरोंज	1254.00	159.77	127	193.397	154
14	लटेरी	986.00	86.54	89	112.135	113
15	गुना	3154.70	339.47	107	447.981	142
16	अशोकनगर	1242.90	181.12	145	227.404	182
17	ईसागढ़	1130.80	122.81	109	148.507	131
18	मुंगावली	1224.00	149.24	124	182.497	149
19	चंदेरी	1071.20	106.08	98	130.532	121
20	राघोगढ़	1126.10	157.93	140	210.279	186
21	आरौन	833.80	91.23	109	117.935	141
22	चाचोंड़ा	597.20	86.38	144	106.156	177
23	कुम्भराज	596.00	76.01	127	95.476	160

यदि जिला स्तर पर जनसंख्या घनत्व के आंकड़ो को देखा जाए तो वर्ष 1991 में सागर जिले की घनत्व 161, विदिशा का 132 तथा गुना जिले का 118 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. था। यही घनत्व बढ़कर वर्ष 2001 में क्रमशः 197, 166 एवं 155 हो गया। तीनों जिलों में सागर जिले का घनत्व सर्वाधिक है तथा अशोकनगर जिले का सबसे कम है। वर्ष 1991 से 2001 में घनत्व में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। विदिशा एवं गुना जिले में यह वृद्धि लगभग समान ही है। वर्ष 2003 में अशोकनगर गुना जिले से पृथक होने के पश्चात् 2001 में जनसंख्या आंकलन के अनुसार अशोकनगर का प्रति व्यक्ति घनत्व 147 रहा है।

वर्ष 2011 की जनसंख्या के प्रारम्भिक आंकडों के अनुसार जनसंख्या धनत्व अशोकनगर में 180 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. विदिशा जिले में 199 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. तथा सागर जिले में 231 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. हुआ है। प्रति व्यक्ति घनत्व का अन्तर सागर एवं विदिशा जिले में 34 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. अशोकनगर में 33 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. तथा गुना जिले में 41 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुयी है।



प्रदेश की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत भी उल्लेखनीय है। 2001 की जनगणना के आधार पर बीना प्रदेश में कुल 49 लाख जनसंख्या में 14.94 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा 9.37 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति है। प्रदेश के जिलों में अनुसूचित जाति का प्रतिशत लगभग समान ही है यह सागर में 20.54 प्रतिशत, विदिशा में 19.85 प्रतिशत तथा गुना में 14.46 प्रतिशत है तथा अशोकनगर में 20.32 प्रतिशत है। विदिशा जिले में अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत सबसे कम है। राज्य में अनुसूचित जाति का प्रतिशत 15.17 तथा अनुसूचित जनजाति का 20.27 प्रतिशत है। यही प्रतिशत राष्ट्रीय स्तर पर क्रमशः 16.20 एवं 8.20 है। विवरण सारणी क्रमांक 3-सा-6 में वर्णित है। **मानचित्र क्र. 3.7 एवं मानचित्र क्र.3.8** में ग्रामवार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का घनत्व प्रदर्शित है।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति जनसंख्या - 2001

3-सा-6

क्रमांक	जिला	कुल जनसंख्या (लाख में) अनु.जाति	कुल जनसंख्या (लाख में) अनु. जनजाति	अनुसूचित जाति का प्रतिशत	अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6
1.	सागर	415374	196472	20.54	9.37
2.	विदिशा	241131	59323	19.85	4.88
3.	गुना	153478	143302	14.66	14.66
4.	अशोकनगर	1400489	60440	20.32	8.77
	बीना रीजन योग-	**950032**	**459537**	**75.37**	**37.68**
				स्तोत्र :- भारत की जनगणना 2001	

3.4 लिंगानुपात (Sex-Ratio)

3-सा-7

बीना पेट्रोकेमिकल्स औद्योगिक प्रदेश की 2001 की जनसंख्या की एक और विशेषता यह है कि, प्रदेश का लिंगानुपात 888 है, जबकि, राज्य स्तर पर लिंगानुपात 930 है। वर्ष 1991 की जनसंख्या में बीना प्रदेश का लिंगानुपात 877 था जो कि वर्ष 2001 के लिंगानुपात से कम था। वर्ष 2011 के प्रारंभिक जनसंख्या आंकडों के अनुसार बीना औद्योगिक प्रदेश में लिंगानुपात में कोई विशेष अंतर नही आया है। जबकि राज्य स्तर पर लिंगानुपात का अंतर कम हुआ है। वर्ष 1991 की तुलना में वर्ष 2001 में यह सामान्य रहा है। यह इस बात का द्योतक है कि प्रदेश में पुरूषों की प्रधानता है। वर्ष 2001 में तहसील स्तर पर सबसे अधिक लिंगानुपात 939 चंदेरी तहसील का है, तथा सबसे कम चचौड़ा तहसील का 892 है। प्रदेश में जिलों की तरह तहसीलों के लिंगानुपात में अधिक अंतर नहीं है। जिलावार एवं तहसीलवार लिंगानुपात का विवरण सारणी क्र. 3-सा-7 एवं 3-सा-8 में प्रदर्शित है।

क्र.	जिले का नाम	जिलावार लिंगानुपात (प्रति हजार पुरूष जनसंख्या पर)		
		1991	2001	2011
1	सागर	881	884	888
2	विदिशा	874	876	897
3	गुना	874	896	910
4	अशोकनगर	878	900	900

स्तोत्र :- भारत की जनगणना



तहसीलवार लिंगानुपात 1991 एवं 2001

3-सा-8

क्रमांक	तहसील	लिंगानुपात	लिंगानुपात
		1991	2001
1	सागर	916	878
2	खुरई	893	890
3	बीना	883	884
4	गढ़ाकोटा	886	892
5	देवरी	899	876
6	रहेली	877	885
7	बन्डा	895	876
8	विदिशा	877	880
9	ग्यारसपुर	865	881
10	बसोदा	874	878
11	लटेरन	873	872
12	कुरवई	882	879

13	सिरोंज	872	871
14	लटेरी	869	858
15	गुना	878	881
16	अशोकनगर	869	879
17	ईसागढ़	888	884
18	मुंगावली	865	870
19	चंदेरी	884	884
20	राघोगढ़	863	898
21	आरौन	861	873
22	चाचोंड़ा	—	892
23	कुम्भराज	—	889

3.5 जनसंख्या एकग्रता प्रतिरूप (Population Concentration Pattern)

बीना प्रदेश में जनंसख्या एकग्रता मुख्यतः तीन स्वरूप पाये जाते है। जिसमें सघन, अर्धसघन तथ बिखरे हुये जनसंख्या एकग्रता प्रतिरूप है। सघन जनसंख्या प्रतिरूप मुख्यतः नगरीय क्षेत्र तथा नगरों से लगे हुये ग्रामीण क्षेत्रो में देखने को मिलते है। सघन जनसंख्या एकग्रता के अन्तर्गत सागर, विदिशा, गुना, अशोकनगर, बसोदा, सिंरोज, बीना, चंदेरी, राधोगढ़, गढ़ाकोटा, खुरई नगर आते है। अर्धसघन एकग्रता के अन्तर्गत मुँगावली, ईसागढ़, लटेरी, कुरवई, रहेली आदि नगर आते है। ग्रमीण क्षेत्रों में जनसंख्या एकग्रता के बिखरे हुये स्वरूप मिलते है। इन क्षेत्रो में जनसंख्या एकग्रता 100-5000 तथा कुछ क्षेत्रों में 5000-10000 के मध्य जनसंख्या पाई जाती है। ग्राम के न्यूक्लियस क्षेत्र के अलावा जनसंख्या का बिखरा हुआ स्वरूप देखने को मिलता है। ग्रामीण क्षेत्रो में सघन जनसंख्या क्षेत्र मुख्यतः जल स्त्रोतो के नजदीक पाये जाते है। अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र अनियोजित है एवं वृत्तीय प्रतिरूप लिये हुये है।

3.6 जनसंख्या प्रक्षेपण (आधार प्रवृत्ति)

बीना प्रदेश की भावी जनसंख्या 2031 के अनुमान हेतु 1971-2001 की जनसंख्या के आंकडों को आधार मानते हुये विभिन्न सांख्यिकी विधियों से जनसंख्या का अनुमान लगाया गया है। अनुमान हेतु Arithmetic Progressive Method, Incremental Increase Method & Geometric Progressive Method से 1971 से प्रत्येक दशक की अर्थात 1991-2001 की जनसंख्या को आधार मानते हुये वर्ष 2011, 2021 एवं 2031 की जनसंख्या का अनुमान लगाया गया है। प्रदेश में 2011, 2021 एवं 2031 में जनसंख्या की वृद्धि दर सबसे ज्यादा सागर जिले में तत्पश्चात विदिशा, गुना तथा अशोकनगर में अनुमानित है। भावी तीनो दशकों में सबसे कम जनसंख्या वृद्धि अशोकनगर जिले में अनुमानित है। वर्ष 2031 तक प्रदेश की जनसंख्या 82 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। प्रदेश की भावी जनसंख्या सारणी क्र 3-सा-9 में दर्शायी गई है।

भावी जनसंख्या अनुमान 2031 तक

3-सा-9

जिला	जनसंख्या 1971	जनसंख्या 1981	जनसंख्या 1991	जनसंख्या 2001	जनसंख्या 2011	जनसंख्या 2021	जनसंख्या 2031
जनसंख्या (प्रति हजार)	जनसंख्या सेन्सस के अनुसार					जनसंख्या अनुमानित	
सागर	1062.00	1323.00	1648.00	2022.00	2378.29	2823.44	3287.11
विदिशा	658.40	783.10	970.00	1215.00	1458.21	1707.43	1986.95
अशोक नगर	357.45	444.55	559.25	688.94	844.979	993.81	1167.49
गुना	426.29	557.43	751.06	976.59	1,240.93	1579.09	1944.19

3.7 भावी जनसंख्या वृद्धि दर



वर्ष 2021 तथा 2031 में भावी जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आने का अनुमान है। विभिन्न सांख्यिकीय रीतियों से वृद्धि दर अनुमान लगाया गया है। भावी जनसंख्या के अनुमानित वृद्धि वर्ष 2021 एवं 2031 का अनुमान सारणी क्र 3-सा-10 में प्रदर्शित है। वर्ष 2021 से 2031 के मध्य वृद्धि दर में सर्वाधिक कमी गुना जिले में आने का अनुमान है जो 2011 की वृद्धि दर से 5.12 प्रतिशत कम हो कर 17.48 प्रतिशत के आस पास रहने का अनुमान है। विदिशा एवं अशोकनगर जिले में वृद्धिदर में सामान कमी आने का अनुमान है। जो लगभग 3.78 प्रतिशत वर्ष 2011 की तुलना में कम रहेगी। सागर जिले की वृद्धि दर में विदिशा, अशोकनगर एवं गुना की वृद्धि दर की तुलना में वृद्धि दर लगभग समान रूप से कम हुयी है। परन्तु इस कमी में विशेष अन्तर परिलक्षित नहीं होता। वर्ष 2021 से 2031 के मध्य सागर जिले की वृद्धिदर में 1.18 प्रतिशत कमी आने की संभावना है।

बीना प्रादेशिक योजना भावी जनसंख्या वृद्धि दर

3-सा-10

अनुमानित जनसंख्या वृद्धि दर (प्रतिशत में)		
जिला	वर्ष 2021	वर्ष 2031
सागर	18.72	16.42
विदिशा	17.09	16.37
अशोक नगर	17.61	17.48
गुना	27.25	23.12

3.8 निष्कर्ष

बीना प्रदेश के अशोकनगर जिले 1991 से 2001 के मध्य जनसंख्या वृद्धि 18.63 प्रतिशत तथा 2001 से 2011 के मध्य दशकीय वृद्धि दर सर्वाधिक 23.7 प्रतिशत रही है। गुना जिले में वृद्धि दर वर्ष 1991 से 2001 के मध्य 30.22 प्रतिशत से कम होकर 23.13 प्रतिशत रही है। विदिशा जिले में जनसंख्या वृद्धिदर 2001 की तुलना में 2012 स कम होगा। 2001 से 2011 के मध्य 30.4 प्रतिशत तथा सागर जिले में जनसंख्या वृद्धिदर 22.92 प्रतिशत से कम होकर 20.0 प्रतिशत रही है। इस प्रकार सागर जिले जनसंख्या वृद्धि दर में परिवर्तन आया है। 2011 के अनुसार जनसंख्या धनत्व 231 व्यक्ति प्रति वर्ग कि. मी. हुआ है। जो वर्ष 2001 की तुलना 34 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. बढ़ा है। 2011 में चारो के प्रति व्यक्ति धनत्व में वृद्धि हुई है।

सागर जिले में पुरूषो की दशकीय वृद्धिदर 2001 से 2011 के मध्य ग्रामीण क्षेत्रो में 15.9 प्रतिशत, शहरी क्षेत्रो में 19.2 प्रतिशत, विदिशा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 16.0 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र में 28.1 प्रतिशत गुना जिले के ग्रामीण 24.2 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र 29.8 प्रतिशत अशोकनगर जिले के ग्रामीण क्षेत्र मे 19.1 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र 32.1 प्रतिशत पुरूषों की जनसंख्या में वृद्धि हुई है। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रो की तुलना शहरी क्षेत्रो में पुरूषो की दशकीय वृद्धि दर बढ़ी है। महिलाओं की दशकीय वृद्धि दर सागर जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में 17.5 प्रतिशत, विदिशा जिले में 18.6 प्रतिशत गुना जिले में 27.2 प्रतिशत अशोकनगर जिले में 22.3 प्रतिशत रही है। जबकि नगरीय दशकीय वृद्धि दर सागर जिले में 20.8 प्रतिशत, विदिशा में 32.8 प्रतिशत, गुना जिले में 32.2 तथा अशोकनगर जिले 33.3 प्रतिशत रही है। इस प्रकार महिलाओं में भी नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या के प्रतिशत की तुलना में बढा है। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है। कि ग्रामीण क्षेत्रो से नगरीय क्षेत्रों में पलायन बढ़ा है।

प्रदेश के चारों जिलों में लिंगानुपात के स्तर में सुधार आया है। लिंगानुपात वर्ष 1991 सागर जिले में 881, विदिशा जिले में 874, गुना जिले 874, अशोकनगर जिले 878 से बढ़कर वर्ष 2011 में सागर जिले में 888, विदिशा जिले में 897, गुना जिले 910, अशोकनगर जिले 900 हुआ है। यह इस बात का घोतक है कि विभिन्न योजनाओं से जागरूकता बड़ी है इसलिये लिंगानुपात में सुधान हुआ है।

वर्ष 2001 से 2011 के मध्य जनसंख्या वृद्धिदर सर्वाधिक अशोकनगर में रही है। परन्तु भावी दोनो दशकों में सबसे कम जनसंख्या वृद्धि अशोकनगर में अनुमानित है। वर्ष 2021 से 2031 के मध्य यह करीब 17.48 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जबकि चारों जिलो में इस अवधि में गुना जिले में सर्वाधिक वृद्धि 23.12 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

इससे यह स्पष्ट की नगरीयकरण की प्रक्रिया 2001 से 2011 के मध्य तीव्र होने के कारण ग्रामीण जनसंख्या का पलायन शहरी क्षेत्रो में शिक्षा एवं नियोजन हेतू हुआ है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रो की तुलना में शहरी क्षेत्रों में महिला एवं पुरूषो का अनुपात बढ़ा है। बढ़ती जनसंख्या के साथ प्रदेश के शहरी क्षेत्रो के नियोजन हेतु विकास योजनाओं को लागू करना नितान्त आवश्यक है। विशेषकर उन नगरों

में जहाँ नियोजन क्षेत्र घोषित किये जा चुके है, परन्तु विकास योजनाऐं लागू नहीं की गई है। बसोदा, कुरवई, सिंरोज, राधोगढ़ गढ़ाकोटा एवं देवरी नगरों के सुनियोजित विकास हेतु तत्काल संरचनात्मक योजनाओं को लागू किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।


77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
41
34
33
35
SOURCE :- CENSUS OF INDIA
(PROVISIONAL POPULATION TOTALS)
CHANGE IN DENSITY
OF POPULATION
2001 - 2011
MAP NO. 3.1
REFERENCES
DISTRICT BOUDARY
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
INCREASE IN NUMBER OF
PERSONS PER KM2
61- AND ABOVE
51-60
41-50
31-40
21-30
20 AND BELOW
N
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL


77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
26.9
22.6
20.0
17.6
DECADAL GROWTH
OF POPULATION
2001-2011
MAP NO. 3.2
REFERENCES
DISTRICT BOUDARY
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
PERCENTAGE INCREASE
30.01 AND ABOVE
27.01 - 30.00
24.01 - 27.00
21.01 - 24.00
18.01 - 21.00
15.01 - 18.00
15 .00 AND BELOW
N
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
SOURCE :- CENSUS OF INDIA
(PROVISIONAL POPULATION TOTALS)
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL


77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
- 3.3
- 0.6
- 5.2
- 5.1
SOURCE :- CENSUS OF INDIA
(PROVISIONAL POPULATION TOTALS)
BINA PETROCHEMICAL REGION
CHANGE IN DECADAL GROWTH
RATE OF POPULATION
(1991-2001 AND-2001-2011)
MAP NO. 3.3
REFERENCES
DISTRICT BOUDARY
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
PERCENTAGE OF DECADAL GROWTH
DECREASE
8.1 AND ABOVE
5.1 - 8.0
2.1 - 5.0
2.0 AND BELOW
N
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL


77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
1240938
844979
1458212
2378295
BINA PETROCHEMICAL REGION
POPULATION - 2011
MAP NO.- 3.4
REFERENCES
DISTRICT BOUDARY
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
POPULATION - 2011
1600 001 AND ABOVE
1300 001 - 1600 000
1000 001 - 1300 000
1000 000 AND BELOW
N
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
SOURCE :- CENSUS OF INDIA
(PROVISIONAL POPULATION TOTALS)
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL


77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
181
194
198
232
BINA PETROCHEMICAL REGION
DENSITY OF POPULATION 2011
MAP NO.- 3.5
REFERENCES
DISTRICT BOUDARY
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
PERSONS PER Km 2
301 AND ABOVE
251 - 300
201 - 250
151 - 200
150 AND BELOW
N
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
SOURCE :- CENSUS OF INDIA
(PROVISIONAL POPULATION TOTALS)
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL


77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
BINA PETROCHEMICAL REGION
POPULATION DENSITY MAP
MAP NO.- 3.6
REFERENCES
RESERVE FOREST
UNHABITATE
01 TO 500
1001 TO 1500
1501 TO 2000
2001 TO 2500
2501 TO 3000
3001 TO 3500
3501 TO 4000
4001 TO 4500
4501 TO 5000
5001 TO 5500
501 TO 1000
MORE THAN 5500
TRANPORTATION
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
DRAINAGE
DISTRICT BOUDARY
TEHSIL BOUDARY
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL



BINA PETROCHEMICAL REGION
SC POPULATION DENSITY MAP
MAP NO. - 3.7
REFERENCES
UNHABITATE
SC POP = 0
1 TO 500
1001 TO 1500
501 TO 1000
MORE THAN 1500
RESERVE FOREST
TRANPORTATION
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
DRAINAGE
DISTRICT BOUDARY
TEHSIL BOUDARY
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL
77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
BAMORI
GUNA
ISHAGARH
CHANDERI
ASHOKNAGAR
RAGHOGARH
ARON
MUNGAOLI
KUMBHRAJ
BINA
CHACHAURA
MAKSUDANGARH
SIRONJ
LATERI
KURWAI
KHURAI
MALTHON
BANDA
SHAMSHABAD
NATERAN
BASODA
RAHATGARH
SAGAR
GARHAKOTA
GULABGANJ
GYARASPUR
VIDISHA
KESLI



BINA PETROCHEMICAL REGION
ST POPULATION DENSITY MAP
MAP NO. - 3.8
REFERENCES
ST POP = 0
UNHABITATE
1 TO 500
501 TO 1000
MORE THAN 1000
RESERVE FOREST
TRANPORTATION
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
DRAINAGE
DISTRICT BOUDARY
TEHSIL BOUDARY
1:100,000
0 20 40 80 120 160 Kilometers
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL
77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
BAMORI
GUNA
CHANDERI
SHADORA
ASHOKNAGAR
RAGHOGARH
KUMBHRAJ
AROIN
MUNGAOLI
BINA
KHURAI
MALTHON
SHAHGARH
BANDA
CHACHAURA
MAKSUDANGARH
LATERI
SIRONJ
KURWAI
NATERAN
BASODA
SHAMSHABAD
TYONDA
RAHATGARH
SAGAR
GARHAKOTA
RAHLI
GYARASPUR
VIDISHA
KESLI
DEORI

अध्याय - 4
व्यावसायिक संरचना

4.1 कार्यशील जनसंख्या

बीना प्रदेश की कुल जनसंख्या 49.03 लाख है जिसमें से लगभग 19.74 लाख कार्यशील जनसंख्या है। यह संख्या कुल जनसंख्या की 40. 26 प्रतिशत है। वर्ष 1991 में रीजन में कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत 33.17 था। तहसीलवार विवरण से यह स्पष्ट है कि, बीना



प्रदेश के सभी तहसीलों में कार्यशील जनसंख्या के प्रतिशत में अधिक अंतर नहीं है यह अंतर सागर जिले की बण्डा तहसील में सर्वाधिक 37.3 प्रतिशत से गुना जिले की ईसागढ़ तहसील में सबसे कम 29.06 प्रतिशत के बीच है। जिला स्तर पर कार्यशील जनसंख्या के वितरण सारणी क्र.4-सा-1 में प्रदर्शित है।

4-सा-1

क्र.	जिलावार कार्यशील जनसंख्या का वितरण - 2001		
	जिला	कुल कर्मियों की जनसंख्या	कुल जनसंख्या से प्रतिशत
1	सागर	839763	41.53
2	गुना	418807	42.86
3	अशोकनगर	264181	38.45
4	विदिशा	451787	37.18

4.2 कार्यशील जनसंख्या का स्थानिक वितरण

4.2.1 लघु सेक्टरों का वर्गीकरण

बीना प्रदेश की कुल कार्यशील जनसंख्या को चार श्रेणीयों में विभाजित किया गया है। कुल कार्यशील जनसंख्या का लगभग 73 प्रतिशत प्राथमिक सेक्टर अर्थात कृषि तथा कृषि कार्यो में संलग्न है। प्राथमिक सेक्टर में सर्वाधिक जनसंख्या 80.96 प्रतिशत गुना जिले में। अशोकनगर जिले में 78.5 प्रतिशत विदिशा जिले में 74.32 प्रतिशत तथा सबसे



कम सागर जिले में 52.39 प्रतिशत है। घरेलू उद्योग में सबसे ज्यादा कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत 22.34 सागर जिले में है एवं सबसे कम 2.54 प्रतिशत गुना जिले में है। अन्य कामगारो के अन्तर्गत विदिशा जिले का प्रतिशत सबसे अधिक 23.17, सागर 23.17, अशोक नगर 17.5 तथा सबसे कम 16. 54 प्रतिशत गुना जिले में है। कुल कार्यशील जनसंख्या को सारणी क्र. 4-सा-2 में दर्शाया गया है।

जिलावार कुल कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत

4-सा-2

क्र.	जिला	कृषि	घरेलू उद्योग	अन्य कामगार
1.	**सागर**	59.25	22.13	18.58
2.	**विदिशा**	77.02	2.65	28.40
3.	**अशोकनगर**	78.4	4.07	17.50
4.	**गुना**	80.96	2.54	16.54

स्तोत्र :- जिला साँख्यिकी विभाग

वर्ष 1991 की तुलना में 2001 में मुख्य कार्यशील जनसंख्या में भी कृषकों के प्रतिशत में लगभग 2 से 3 प्रतिशत की कमी आयी है, जबकि कृषि कामगार मजदूरों की संख्या में लगभग 4 प्रतिशत की वृद्धि 1991-2001 के मध्य हुयी है। प्राथमिक सेक्टर में तहसीलवार आंकडो से स्पष्ट है कि सागर जिले की सागर तहसील में जनसंख्या का प्रतिशत सबसे कम 32.4 प्रतिशत है जबकि सबसे अधिक विदिशा की



नटेरन तहसील में 89.6 प्रतिशत है। प्राथमिक सेक्टर में जनसंख्या का प्रतिशत सारणी क्र 4-सा-3 में दर्शाया गया है।घरेलू उपयोग में कार्यरत कार्यशील जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत सागर जिले की बंडा तहसील में 33.9 प्रतिशत तथा सबसे कम गुना जिले की चचौड़ा तहसील में 1.4 प्रतिशत है। द्वितीयक सेक्टर में जनसंख्या का प्रतिशत सारणी क्र 4-सा-4 में दर्शाया गया है। अन्य कामगारों का सर्वाधिक प्रतिशत विदिशा जिले की विदिशा तहसील में 45.6 प्रतिशत तथा सबसे कम सागर जिले की रहली तहसील में 7.7 प्रतिशत है। तृतीयक सेक्टर में जनसंख्या का प्रतिशत सारणी क्र 4-सा-5 में दर्शाया गया है।

प्राथमिक सेक्टर में जनसंख्या का प्रतिशत

4-सा-3

प्राथमिक सेक्टर					
तहसील	कुल कार्यशील जनसंख्या	कुल जनसंख्या प्राथमिक सेक्टर	कृषको का प्रतिशत	खेतीहर मजदूरो का प्रतिशत	प्राथमिक सेक्टर कुल योग
लटेरी	39534	33818	43.0	42.5	85.5
सिरोंज	70095	54700	42.7	35.4	78.1
कुरवई	51424	40481	37.7	41.0	78.7
बसोदा	107023	76024	37.2	33.9	71.1
लटेरन	57220	51279	43.9	45.7	89.6
ग्यारसपुर	41232	34658	41.8	42.2	84.0
विदिशा	85259	44792	23.9	28.6	52.5
सागर	273123	88505	18.2	14.2	32.4
खुरई	124357	83713	30.0	37.4	67.3
बिना	60341	38284	25.0	38.4	63.4
गढ़ाकोटा	44093	23304	25.5	27.4	52.9
देवरी	67666	46291	33.7	34.7	68.4
रहेली	50968	29299	29.4	28.1	57.5
बन्डा	126548	66619	31.2	21.5	52.6
केसली	45146	38147	40.9	43.6	84.5
राहतगढ	47521	25788	29.7	24.5	54.3
अशोक नगर	77285	56423	43.3	29.7	73
ईसागढ़	55929	47782	49.8	35.7	85.5
मुंगावली	78324	65759	47.4	36.5	83.9
चंदेरी	52643	37515	45.3	25.9	71.2
गुना	177213	124277	47.4	22.8	70.2
राघोगढ़	94771	73953	54.9	23.2	78.1
आरौन	47651	39616	45.8	37.3	83.1
चाचोंड़ा	52513	45669	61.1	25.8	86.9
कुम्भराज	46659	40349	59.1	27.4	86.5

द्वितीयक सेक्टर में जनसंख्या का प्रतिशत

4-सा-4

द्वितीयक सेक्टर (घरेलू उद्योग)			
तहसील	कुल कार्यशील जनसंख्या	कुल जनसंख्या द्वितीयक सेक्टर	घरेलू उद्योग में जनसंख्या का प्रतिशत
लटेरी	39534	704	1.8
सिरोंज	70095	2162	3.1
कुरवई	51424	1739	3.4
बसोदा	107023	2435	2.3
लटेरन	57220	925	1.6
ग्यारसपुर	41232	1809	4.4

विदिशा	85259	1600	1.9
सागर	273123	84605	31.0
खुरई	124357	15714	12.6
बीना	60341	1416	2.3
गढ़ाकोटा	44093	14556	33.0
देवरी	67666	11314	16.7
रहेली	50968	14872	29.2
बन्डा	126548	42927	33.9
केसली	45146	3545	7.9
राहतगढ	47521	15485	32.6
अशोक नगर	77285	1387	1.8
ईसागढ़	55929	1044	1.9
मुंगावली	78324	1982	2.5
चंदेरी	52643	5329	10.1
गुना	177213	4578	2.6
राघोगढ़	94771	3195	3.4
आरौन	47651	1604	3.4
चाचोंड़ा	52513	719	1.4
कुम्भराज	46659	878	1.9

तृतीयक सेक्टर में जनसंख्या का प्रतिशत

4-सा-5

तृतीयक सेक्टर					
तहसील	कुल अन्य कामगारों जनसंख्या	अन्य कामगारों की जनसंख्या का प्रतिशत	मुख्य कामगारों की जनसंख्या का प्रतिशत	सीमान्त कामगारों की जनसंख्या का प्रतिशत	तृतीयक सेक्टर की जनसंख्या का प्रतिशत
लटेरी	5012	12.7	26.2	9.1	48
सिरोंज	13233	18.9	27.8	8.4	55.1
कुरवई	9204	17.9	29.8	7.8	55.5
बसोदा	28564	26.7	33	11.2	70.9
लटेरन	5016	8.8	27	9.8	45.6
ग्यारसपुर	4765	11.6	29.1	9.4	50.1
विदिशा	38867	45.6	25.9	5.9	77.4
सागर	100013	36.6	32	7.4	76
खुरई	24930	20	30.6	11.8	62.4
बीना	20641	34.2	26.7	8	68.9
गढ़ाकोटा	6233	14.1	31.9	11.2	57.2
देवरी	10061	14.9	33.4	11.3	59.6
रहेली	6797	13.3	31.5	11.8	56.6

बन्डा	17002	13.4	32.9	11.7	58
केसली	3454	7.7	30.4	14.4	52.5
राहतगढ	6248	13.1	34	11	58.1
अशोक नगर	19475	25.2	25.9	8.1	59.2
ईसागढ़	7103	12.7	27.8	9.9	50.4
मुंगावली	10583	13.5	30.4	12.5	56.4
चंदेरी	9799	18.6	28.6	11.7	58.9
गुना	48358	27.3	30.1	9.5	60.4
राघोगढ़	17623	18.6	33.1	12	54.9
आरौन	6431	13.5	27.8	12.6	59.6
चाचौड़ा	6125	11.7	35.3	14.1	50.5
कुम्भराज	5432	11.6	30.5	18.4	51.1

4.3 प्रदेश की व्यावसायिक संरचना

4.3.1 कृषि एवं पारिवारिक उद्योगों में कार्यशील जनसंख्या

बीना रीजन में जनसंख्या का मुख्य कार्य कृषि पर आधारित है। मुख्य कार्यशील जनसंख्या का 70 प्रतिशत से अधिक कृषि पर आधारित प्राथमिक गतिविधियों से जीवनयापन करता है। वर्षा पर आधारित कृषि कार्य में संलग्न होने के कारण कार्यशील व्यक्तियों को वर्षभर रोजगार उपलब्ध नहीं हो पाता है।

मुख्य कार्यशील जनसंख्या का 74.32 प्रतिशत विदिशा में, 52.39 प्रतिशत सागर में 80.96 प्रतिशत गुना में, तथा 78.25 प्रतिशत अशोकनगर में कृषि पर आधारित प्राथमिक गतिविधियों से जीवन-यापन करता है। विदिशा जिले में कार्यशील जनसंख्या का 2.52 प्रतिशत पारिवारिक उद्योगों में लगा है जो प्रदेश में सबसे कम है। सबसे अधिक पारिवारिक उद्योगों में

SAGAR DISTRICT

Breakup of Workers according to Industry

	Agriculture			HH Industry			Other Workers		
	T	M	F	T	M	F	T	M	F
Madhya P.	71.49	64.23	83.73	4.01	3.21	5.36	24.51	32.57	10.91
Rural	85.50	82.24	90.08	3.41	2.85	4.19	11.09	14.91	5.73
Urban	11.62	9.11	22.71	6.56	4.29	16.57	81.82	86.60	60.73
Sagar	52.39	55.59	46.27	24.34	14.06	44.01	23.27	30.35	9.72
Rural	66.84	73.22	55.88	22.06	12.69	38.19	11.09	14.09	5.93
Urban	6.92	7.70	4.77	31.52	17.77	69.16	61.56	74.53	26.06

BREAKUP OF WORKERS ACCORDING TO INDUSTRY

	Agriculture			HH Industry			Other Workers		
	T	M	F	T	M	F	T	M	F
Madhya P	71.49	64.23	83.7	4.01	3.21	5.36	24.51	32.57	10.91
Rural	85.5	82.24	90.1	3.41	2.85	4.19	11.09	14.91	5.73
Urban	11.62	9.11	22.7	6.56	4.29	16.57	81.82	86.6	60.73
Ashoknagar Distt	78.25	75.9	85	4.07	3.37	5.55	17.5	20.77	9.47
Rural	88.55	87.1	91.5	2.05	1.9	2.425	9.425	10.97	6.1
Urban	12.4	12.2	15.2	15.65	10.55	31.9	71.97	77.27	52.87

Vidisha District

Breakup of Workers according to Industry

		Agriculture			HH Industry			Other Workers		
		T	M	F	T	M	F	T	M	F
Madhya P	**All**	71.49	64.23	83.73	4.01	3.21	5.36	24.51	32.57	10.91
Rural	**Rural**	85.50	82.24	90.08	3.41	2.85	4.19	11.09	14.91	5.73
Urban	**Urban**	11.62	9.11	22.71	6.56	4.29	16.57	81.82	86.60	60.73
Vidisha	**All**	74.32	71.12	83.12	2.52	1.95	4.08	23.17	26.93	12.81
Rural	**Rural**	87.04	85.62	90.51	2.08	1.69	3.03	10.88	12.68	6.46
Urban	**Urban**	10.34	10.12	11.57	4.73	3.05	14.22	84.93	86.83	74.20

Vidisha District

Breakup of Workers according to Industry

		Agriculture			HH Industry			Other Workers		
		T	M	F	T	M	F	T	M	F
Madhya P	**All**	71.49	64.23	83.73	4.01	3.21	5.36	24.51	32.57	10.91
Rural	**Rural**	85.50	82.24	90.08	3.41	2.85	4.19	11.09	14.91	5.73
Urban	**Urban**	11.62	9.11	22.71	6.56	4.29	16.57	81.82	86.60	60.73
Vidisha	**All**	74.32	71.12	83.12	2.52	1.95	4.08	23.17	26.93	12.81
Rural	**Rural**	87.04	85.62	90.51	2.08	1.69	3.03	10.88	12.68	6.46
Urban	**Urban**	10.34	10.12	11.57	4.73	3.05	14.22	84.93	86.83	74.20

संलग्न जनसंख्या 24.34 प्रतिशत सागर जिले में है। घरेलू उद्योगों में कार्यरत जनसंख्या वर्षभर रोजगार पाती है। अशोकनगर में हेण्डलूम उद्योग तथा सागर में तेंदूपत्ता उद्योग ही एकमात्र गृह उद्योग है।

4.3.2 कार्य भागीदारी दर

बीना प्रदेश के चारो जिले की कुल कार्यशील जनसंख्या को कार्यभागीदारी अनुसार सारणी क्र. 4-सा-6 में दर्शाया गया है। सारणी से स्पष्ट है कि स्त्री-पुरूष कार्य भागीदारी में महिलाओं की सर्वाधिक भागीदारी 34.84 प्रतिशत गुना जिले में तथा सबसे कम 21.23 प्रतिशत विदिशा जिले में है।



कार्यभागीदारी दर (प्रतिशत में)

4-सा-6

	कामगारों की संख्या		
	कुल	पुरूष	महिला
मध्यप्रदेश	42.74	51.50	33.21
सागर	41.53	51.38	30.40
विदिशा	37.19	51.15	21.23
गुना	43.92	51.96	34.84
अशोकनगर	38.15	51.25	24.58

स्तोत्र :- भारत की जनगणना 2001

आंकडों में कुल कार्यशील जनसंख्या में से महिला एवं पुरूष के प्रतिशत को सम्मिलित किया गया है।

4.4 नगरीय एवं ग्रामीण जनसंख्या में परिवर्तन

(अ) नगरीय जनसंख्या - बीना पेट्रोकेमिकल्स औद्योगिक प्रदेश में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत वर्ष 1991 में 23.0 प्रतिशत था जो वर्ष 2001 में बढ़कर 32.37 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2001 में प्रदेश स्तर पर नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत मध्य प्रदेश की नगरीय जनसंख्या के प्रतिशत से 14.93 प्रतिशत कम है। जिला स्तर पर नगरीय जनसंख्या को देखा जाए तो वर्ष 1991 में सागर जिले में सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत 29.22 था। हालांकि विदिशा जिले में नगरीय जनसंख्या गुना जिले की नगरीय जनसंख्या से कम है फिर भी विदिशा जिले की नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत 20.11, गुना जिले के 19.51 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 2001 में 1991 की तुलना में प्रतिशत का वितरण बढा है। नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत गुना जिले में सर्वाधिक 45.73 प्रतिशत है तत्पश्चात विदिशा जिले का 33. 46 प्रतिशत तथा सबसे कम सागर जिले का 22.85 प्रतिशत है। वर्ष 2001 में सागर जिले की सागर

तहसील में नगरीय जनसंख्या का 52.00 प्रतिशत है। अशोकनगर तहसील में 49.79, विदिशा तहसील में 49.13 एवं सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत गुना जिले की गुना तहसील में 57.41 प्रतिशत है।

वर्ष 2001 में सागर की शाहपुर तहसील में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत प्रदेश में सबसे कम 2.36 प्रतिशत है। प्रदेश में अशोकनगर जिले का शाढोरा तथा विदिशा जिले की नटेरन और ग्यारसपुर ऐसी दो तहसीलें है जिनमें कोई भी नगरीय जनसंख्या नहीं है। वर्ष 1991 में सागर तहसील में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत (सर्वाधिक 45.00) था और सबसे कम प्रतिशत 9.32 विदिशा जिले की कुरवई तहसील का था। वर्ष 1991 में विदिशा जिले की ग्यारसपुर, नटेरन और लटेरी तथा अशोकनगर जिले की ईसागढ़ और गुना जिले की आरोन तहसील में कोई भी नगरीय जनसंख्या नहीं थी। बीना प्रदेश के शहरी जनसंख्या 2001 का तहसीलवार वितरण सारणी क्रमांक 4-सा-7 पर प्रदर्शित है।

तहसीलवार नगरीय जनसंख्या का वितरण - 2001

4-सा-7

क्रमांक	जिला	तहसील	जनसंख्या	प्रतिशत
1	**अशोक नगर**	अशोक नगर	57705	49.79
		राठौरा	-	-
		ईसागढ़	10347	8.9
		मूंगावली	19536	16.85
		चंदेरी	283-05	24.42
2.	**गुना**	गुना	137175	57.41
		राघोगढ़	49173	20.58
		आरोन	21178	8.86
		चंचोड	17339	7.25
		कुंभराज	14055	5.8
3.	**विदिशा**	विदिशा	125453	48.13
		ग्यासपुर	-	-
		बसौदा	64937	47.25
		नटेरन	-	-
		कुरवाई	13741	5.2
		सिरोंज	42179	16.19
		लटेरी	14057	5.3
4	**सागर**	न.नि. सागर	232321	45.03
		सागर कैन्ट	35899	6.95
		बीना	51189	9.92
		खुरई	31886	6.18
		गढ़ाकोटा	26879	5.21
		देवरी	23812	4.61
		रहली	23473	4.93

		राहतगढ़	25217	4.11
		बंडा	26128	5.06
		शाहगढ़	14585	2.82
		अधि सू ढाना	10295	1.99
		शाहपुर	12205	2.36

वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार बीना प्रदेश में कुल 29 नगरीय बसाहटें हैं इनमें कुल 1131069 हजार जनसंख्या निवास करती है। सागर जिले में सर्वाधिक नगर है इनमें 515889 हजार नगरीय जनसंख्या है तत्पश्चात गुना जिले में 238920 हजार एवं विदिशा जिले में जनसंख्या 260367 हजार नगरीय जनसंख्या है। बीना प्रदेश में नगरीय जनसंख्या परिवर्तन (1991-2001) सारणी क्रमांक 4-सा-8 पर प्रदर्शित है।

बीना प्रदेश में नगरीय जनसंख्या परिवर्तन (1991-2001)

4-सा-8

जिला	जनसंख्या 1991			जनसंख्या 2001			वृद्धि जनसंख्या प्रतिशत में 1991-2001
	पुरूष	स्त्री	योग	पुरूष	स्त्री	योग	
सागर	256874	224505	481379	312062	279300	591362	22.85
गुना	870000	77000	164000	125000	114000	239000	45.73
अशोक नगर	49000	42000	91000	61000	55000	116000	27.47
विदिशा	103716	91369	195085	137977	122390	260367	33.46

स्तोत्र :- भारत की जनगणना 2001

(ब) ग्रामीण जनसंख्या - बीना प्रदेश की जनसंख्या का 76.94 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती हैं। वर्ष 1991 की जनगणना में यह प्रतिशत 77 प्रतिशत था। ग्रामीण जनसंख्या के जिलेवार वितरण में विदिशा जिले में सर्वाधिक 78.6 प्रतिशत, गुना 75.63 प्रतिशत तथा सागर 70.78 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या है एवं अशोक नगर में 66.97 प्रतिशत है। वर्ष 1991 की ग्रामीण जनसंख्या से वर्ष 2001 की ग्रामीण जनसंख्या में लगभग 2 से 3 प्रतिशत कमी आई है। ग्रामीण जनसंख्या के तहसीलवार विवरण में विदिशा जिले की ग्यारसपुर, नटेरन तथा लटेरी तहसील में शत-प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या है। ग्रामीण जनसंख्या का सबसे कम प्रतिशत 31.92 सागर तहसील में है। वर्ष 1991 से 2001 के मध्य ग्रामीण जनसंख्या परिवर्तन सारणी क्र. 4-सा-9 पर प्रदर्शित है। जनसंख्या वृद्धि सागर में 22.68 प्रतिशत रही है। सागर जिले में ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत कम हुआ है। ग्रामीण जनसंख्या घनत्व **मानचित्र क्र.4.1** में प्रदर्शित है।

बीना प्रदेश में ग्रामीण जनसंख्या परिवर्तन (1991-2001)

4-सा-9

जिला	जनसंख्या 1991			जनसंख्या 2001			वृद्धि जनसंख्या प्रतिशत में
	पुरूष	स्त्री	योग	पुरूष	स्त्री	योग	
सागर	619205	547152	1166357	760970	6694461	1430431	22.66
गुना	313000	275000	588000	392000	347000	739000	25.68
अशोक नगर	249000	218000	467000	306000	268000	574000	22.91
विदिशा	414142	361161	775303	509861	444619	954490	23.21

स्तोत्र :- भारत की जनगणना 2001


77°0'0"E
78°0'0"E
79°0'0"E
25°0'0"N
24°0'0"N
23°0'0"N
BAMORI
GUNA
ISHAGARH
CHANDERI
SHADORA
ASHOKNAGAR
RAGHOGARH
KUMBHRAJ
ARON
MUNGAOLI
CHACHAURA
MAKSUDANGARH
ATERI
SIRONJ
KURWAI
BINA
KHURAI
MALTHON
SHAHGARH
BANDA
NATERAN
SHAMSHABAD
BARODA
TYONDA
RAHATGARH
SAGAR
GARHAKOTA
GULABGANJ
GYARASPUR
VIDISHA
REHLI
KESLI
DEORI
BINA PETROCHEMICAL REGION
MAXIMUM RURAL POPULATION DENSITY AREAS
MAP NO.- 4.1
REFERENCES
DISTRICT BOUDARY
TEHSIL BOUDARY
NATIONAL HIGHWAY
STATE HIGHWAY
RAILWAY LINE (B.G.)
WATERBODIES
POPULATION > 4000
N
1:100,000
0 20 40 80 120 160
Kilometers
DIRECTORATE OF TOWN & COUNTRY PLANING, GoMP
REMOTE SENSING APPLICATION CENTRE
M.P. COUNCIL OF SCIENCE & TECHNOLOGY
BHOPAL

अध्याय - 5
भूमिउपयोग

5.1 क्षेत्रीय भूमिउपयोग

बीना औद्योगिक प्रदेश की आर्थिक संरचना में सर्वाधिक भूमि उपयोगो में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रदेश की कुल जनसंख्या का लगभग 68 प्रतिशत कृषि पर आधारित है। प्रदेश की कुल भौगोलिक क्षेत्र का 75 प्रतिशत क्षेत्र कृषि के अंतर्गत आता है। बीना औद्योगिक क्षेत्र में सम्मिलित चारों जिले कृषि प्रधान जिले हैं। राज्य स्तर पर यह औसत लगभग 55 प्रतिशत है। विदिशा जिले में 72.87 प्रतिशत अशोक नगर में 65.48 प्रतिशत सागर जिले में 52.61 प्रतिशत तथा गुना जिले में 51.65 प्रतिशत भाग सकल बोए क्षेत्र में आता है।

5.2 भूमिउपयोगों का वर्गीकरण

जिला योजना एवं सांख्यिकी आंकडों के अनुसार कृषि भूमि को 6 भागों में विभक्त किया गया है। इसमें कृषि के लिये अनुपलब्ध भूमि, बंजर अकृष्य भूमि, पड़ती भूमि, अन्य अकृष्य पडती भूमि, स्थाई चराई योग्य भूमि तथा शुद्ध बोया गया शामिल है।



बीना प्रदेश औद्योगिक प्रदेश में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 5.27 प्रतिशत क्षेत्र कृषि के लिये अनुपलब्ध है। बंजर तथा अकृष्य भूमि 4.31 प्रतिशत अन्य चराई योग्य भूमि 4.87 प्रतिशत जिसमे कृषि कार्य नहीं हो सकते। प्रदेश में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 4.06 प्रतिशत कृषि योग्य बंजर भूमि है जिसे कृषि कार्य हेतु उपयोग में लाया जा सकता है। वर्तमान एवं अन्य पड़ती भूमि के अन्तर्गत 1.7 प्रतिशत क्षेत्र है।

बीना औद्योगिक प्रदेश के चारों जिले में सागर जिले में कृषि के लिये अनुपलब्ध भूमि 4.88 प्रतिशत है जो प्रदेश में सबसे कम है। शेष तीनों जिलों में इसका प्रतिशत लगभग समान है। बंजर तथा अकृष्य भूमि का सर्वाधिक प्रतिशत गुना जिले में 9.77 प्रतिशत विदिशा में 7.75 प्रतिशत, सागर जिले में

1.64 प्रतिशत तथा सबसे कम विदिशा जिले में 1.12 प्रतिशत है। जिलावार सामान्य भूमिउपयोग **सारणी क्र. 5-सा-1** में प्रदर्शित है।

कृषि के लिये अनुपलब्ध भूमि में पहाँडीया, नदी, नाले, गोचर वन क्षेत्र तथा आबादी वाले क्षेत्र शामिल है। प्रदेश में इसका प्रतिशत 5.29 है। अन्य अकृष्य भूमि जिसमें पड़ती शामिल नहीं है का प्रतिशत 9.18 है। इसमें बंजर तथा पथरीली जमीन एवं अम्लीय भूमि शामिल है। इस प्रकार की भूमि का सर्वाधिक प्रतिशत गुना जिले में 13.65, अशोक नगर जिले में 10.43 प्रतिशत, सागर जिले में 9.60 प्रतिशत तथा सबसे कम विदिशा जिले में 8.11 प्रतिशत है।

बीना प्रादेशिक योजना : भूमि उपयोग

5-सा-1

भूमि उपयोग	अशोक नगर	गुना	सागर	विदिशा	योग
वन	52,805.00	101,375.00	219,297.00	109,615.00	483,092.00
अकृष्य भूमि	27,702.00	34,378.00	50,070.00	38,843.00	150,993.00
बंजर/अकृष्य भूमि	36,226.00	61,650.00	16,840.00	8,243.00	122,959.00
कृषि योग्य बंजर भूमि	25,333.00	65,352.00	10,873.00	14,249.00	115,807.00
स्थाई चराई योग्य भूमि	12,554.00	24,493.00	80,691.00	21,243.00	138,981.00
पड़ती भूमि	6,713.00	12,727.00	25,518.00	5,669.00	50,627.00
बोया गया शुद्ध क्षेत्र	306,061.00	325,791.00	539,657.00	532,152.00	1,703,661.00
कुल भौगोलिक क्षेत्र	467,394.00	630,766.00	1,025,759.00	730,197.00	2,854,116.00

स्त्रोतः- जिला साँख्किीय विभाग

बंजर जमीन जिसे की कृषि उपयोग में लाया जा सकता है ऐसी भूमि पूरे प्रदेश में 4.06 प्रतिशत है। वर्तमान तथा अन्य पड़ती भूमि प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 17.70 प्रतिशत है। प्रदेश में शुद्ध बोया गया क्षेत्र कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 59.75 प्रतिशत है। यह वह क्षेत्र है जिसमें फसल ली जाती है। प्रदेश के विदिशा जिले में सबसे ज्यादा शुद्ध बोया गया क्षेत्र है जो 72.87 प्रतिशत तथा सबसे कम गुना जिले में 51.65 प्रतिशत है।

5.3 भूमिउपयोग एवं भू आवरण

बीना औद्योगिक प्रदेश के भूमि उपयोग एवं भू-आवरण का मानचित्रण 2009-10 के उपग्रह चित्रों के आधार पर किया गया है। भूमिउपयोग के वर्गीकरण आबादी क्षेत्र (नगरी एवं ग्रामीण), कृषि भूमि, वन क्षेत्र, पडत भूमि, नदी-नाले तथा जलाशय को शामिल किया गया है। भूमि उपयोगों का वर्गीकरण लेबल-3 तक करते हुये 39 उपयोगों में विभक्त किया गया है। कृषि भूमि के अंतर्गत खरीफ, रबी, द्विफसली क्षेत्र, पडती, जायद फसले तथा त्रिफसली क्षेत्र को सम्मिलित किया गया है। जोकि मानचित्र क्र. 5.1, 5.2 एवं 5.3 पर प्रदर्शित है। सागर, अशोकनगर, गुना एवं विदिशा जिलों में कृषि के अंतर्गत आने वाले विभिन्न भूमि उपयोगों का क्षेत्रफल सारणी क्र. 5-सा-2, 5-सा-3, 5-सा-4, 5-सा-5 एवं मानचित्र क्र. 5.4 में प्रदर्शित है।

पडत भूमि को पांच श्रेणी में विभक्त किया गया है। इसके अंतर्गत पथरीली भूमि जो कृषि कार्य हेतु उपयोग में नहीं लाई जा सकती, बीहड, छोटे झाड एवं झाडियों के क्षेत्र तथा गोचर क्षेत्र शामिल है। जिलावार पडत भूमि का क्षेत्रफलवार वर्गीकरण मानचित्र क्र. 5.5 एवं सारणी क्र. 5-सा-2 से 5-सा-5 में प्रदर्शित है। नदी-नाले जलाशय तालाब, बांध आदि को जल स्त्रोतों के अंतर्गत शामिल किया गया है। बीना औद्योगिक प्रदेश के चारों जिलों में जल स्त्रोतों का क्षेत्रफल सारणी क्र. 5-सा-2 से 5-सा-5 एवं स्थिति मानचित्र क्र. 5.4 में दर्शायी गई है।

बीना औद्योगिक प्रदेश में भूमि उपयोग एवं भू आवरण
जिला विदिशा

5-सा-2

रिहायशी क्षेत्र	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	कुल भौगोलिक क्षेत्रफल (प्रतिशत)
ग्रामीण	7424.75	1.01
शहरी	1652.54	0.22
औद्योगिक क्षेत्र	88.62	0.01
औद्योगिक माईन्स/खनन	32.81	0.004
योग	**9198.72**	**1.26**
कृषि भूमि		
खरीफ फसल	294911.84	40.39
रबी फसल	277463.44	38
जायद फसल	1668.82	0.23
वर्तमान पड़ती	19082.12	2.61
योग	**593126.22**	**81.24**
कुल बोया गया क्षेत्र		
खरीफ फसल	294911.85	40.39

तीन फसली क्षेत्र	-	-
रबी फसल	277463.44	38
द्विफसली क्षेत्र	572375.29	78.39
जायद फसल	1668.81	0.23
योग	**1146419.39**	
शुद्ध बोया गया क्षेत्र		
खरीफ फसल	294911.85	40.39
रबी फसल	277463.44	38
जायद फसल	1668.81	0.23
योग	**593061.87**	**81.23**
पड़त भूमि		
पथरीली भूमि	519.53	0.07
बीहड़/कटी-फटी भूमि	222.75	0.03
नदी-रेतीले क्षेत्र	346.45	0.05
घनी झाड़ी वाले क्षेत्र	15381.5	2.11
खुली झाड़ी वाले क्षेत्र	23585.01	3.23
योग	**40055.24**	**5.49**
जलीय क्षेत्र		
झील / सरोवर	873.75	0.12
नदी नाले (बरसाती)	2284.66	0.31
नदी /नाले (सूखे)	4043.78	0.55
नदी /नाले	39.01	0.005
नदी नाले (पेरेनियल)	13.41	0.002
योग	**7254.61**	**0.99**
कुल योग	**730100**	**100**

भूमि उपयोग एवं भू आवरण जिला गुना

5-सा-3

	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	कुल भौगोलिक क्षेत्रफल (प्रतिशत)
रिहायशी क्षेत्र		
ग्रामीण	2045.24	0.32
शहरी	381.17	0.06
औद्योगिक क्षेत्र	338.52	0.05
औद्योगिक माईन्स/खनन	39.67	0.006
योग	**2804.6**	**0.44**
कृषि भूमि		
खरीफ फसल	97464.4	15.45
रबी फसल	155358.62	24.63
जायद फसल	145.63	0.02
वर्तमान पड़ती	81352.76	12.09
योग	**334321.41**	**52.19**
कुल बोया गया क्षेत्र		
खरीफ फसल	97464.4	15.45
तीन फसली क्षेत्र	385.76	0.06
रबी फसल	155358.62	24.63
द्विफसली क्षेत्र	252823.02	40.08
जायद फसल	145.63	0.02
योग	**350789.9**	
शुद्ध बोया गया क्षेत्र		
खरीफ फसल	97464.4	15.45
रबी फसल	155358.62	24.63
जायद फसल	145.63	0.02
योग	**252968.65**	**40.1**
पड़त भूमि		
बीहड़/कटी-फटी भूमि	7368.17	1.17
नदी-रेतीले क्षेत्र	1078.59	0.17
घनी झाड़ी वाले क्षेत्र	5785.9	0.91
खुली झाड़ी वाले क्षेत्र	54933.89	8.71

योग	69166.55	**10.96**
जलीय क्षेत्र		
झील / सरोवर	1018.38	0.16
नदी नाले (बरसाती)	5197.13	0.82
नदी /नाले (सूखे)	745.1	0.11
नदी /नाले	880.19	0.13
नदी नाले (पेरेनियल)	3494.47	0.55
योग	**11335.27**	**1.8**
कुल योग	**630766**	**100**

भूमि उपयोग एवं भू आवरण जिला अशोक नगर

5–सा–4

	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	कुल भौगोलिक क्षेत्रफल (प्रतिशत)
रिहायशी क्षेत्र		
ग्रामीण	12871.44	2.75
शहरी	13099.49	2.8
औद्योगिक क्षेत्र	0	0
औद्योगिक माईन्स/खनन	828.42	0.18
योग	**26799.35**	**5.73**
कृषि भूमि		
खरीफ फसल	91152.38	19.5
रबी फसल	163860.52	35.06
जायद फसल	486.7	0.1
वर्तमान पड़ती	57275.4	12.25
योग	**312775**	**66.92**
कुल बोया गया क्षेत्र		
खरीफ फसल	91152.38	19.5
तीन फसली क्षेत्र	276.41	0.06
रबी फसल	163860.52	35.06
द्विफसली क्षेत्र	429073.07	91.8
जायद फसल	486.7	0.1
योग	**684849.08**	**146.53**

शुद्ध बोया गया क्षेत्र		
खरीफ फसल	91152.38	19.5
रबी फसल	163860.52	35.06
जायद फसल	486.7	0.1
योग	**255499.6**	**54.66**
पड़त भूमि		
पथरीली भूमि	0	0
बीहड़/कटी-फटी भूमि	0	0
नदी-रेतीले क्षेत्र	8.27	0
घनी झाड़ी वाले क्षेत्र	1838.4	0.39
खुली झाड़ी वाले क्षेत्र	36210.91	7.75
योग	38057.58	**8.14**
जलीय क्षेत्र		
झील / सरोवर	683.17	0.15
नदी नाले (बरसाती)	16628.72	3.56
नदी /नाले	1.72	0
नदी नाले (पेरेनियल)	6926.32	1.48
योग	**24239.93**	**5.19**
कुल योग	**467394**	**100**

भूमि उपयोग एवं भू आवरण जिला सागर

5-सा-5

	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	कुल भौगोलिक क्षेत्रफल (प्रतिशत)
रिहायशी क्षेत्र		
ग्रामीण	10465.15	1.02
शहरी	3714.42	0.36
औद्योगिक क्षेत्र	789.29	0.08
औद्योगिक माईन्स/खनन	193.19	0.02
योग	**15162.05**	**1.48**
कृषि भूमि		
खरीफ फसल	83501.32	8.14
रबी फसल	264419.7035	25.79

जायद फसल	257.8192924	0.025
वर्तमान पड़ती	220635.9287	21.52
योग	**568814.78**	**55.48**
कुल बोया गया क्षेत्र		
खरीफ फसल	83501.32	8.14
तीन फसली क्षेत्र	342.6784481	0.03
रबी फसल	264419.7035	25.79
द्विफसली क्षेत्र	61951.47732	6.04
जायद फसल	257.8192924	0.025
योग	**410473**	**40.02**
शुद्ध बोया गया क्षेत्र		
खरीफ फसल	83501.32	8.14
रबी फसल	264419.7035	25.79
जायद फसल	257.8192924	0.025
योग	**348178.85**	**33.95**
पड़त भूमि		
पथरीली भूमि	520.0918831	0.05
बीहड़/कटी-फटी भूमि	501.6301433	0.04
नदी-रेतीले क्षेत्र	361.2359397	0.03
घनी झाड़ी वाले क्षेत्र	32952.52934	3.21
खुली झाड़ी वाले क्षेत्र	124138.51	12.1
योग	**158474**	**15.43**
जलीय क्षेत्र		
झील / सरोवर	2974.82	0.29
नदी नाले (बरसाती)	6364.04	0.62
नदी /नाले (सूखे)	94.08	0.009
नदी /नाले	8639.65	0.84
नदी नाले (पेरेनियल)	10350.51	1.09
योग	**28423.1**	**2.84**
कुल योग	**1025200**	**100**

5.4 औधोगिक भूमिउपयोग

बीना प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्तमान में कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। भारत-ओमान रिफायनरी की स्थापना बीना-आगासोत-कंजिया मार्ग पर 9 कि.मी. की दूरी पर आगासोत के समीप की गई है। सुनियोजित औद्योगिक विकास के लिये इस प्रदेश में उद्योग स्थापित करने हेतु पर्याप्त प्राकृतिक संसाधन स्थल एवं परिवहन तन्त्र उपलब्ध हैं। इस पेट्रोरिफायनरी के अतिरिक्त बीना थर्मल प्लान्ट की स्थापना ग्राम जोध, हिन्नौद, सिरचौपी, खमऊँ खेडी के निकट की गई है। गुना के निकट विजयपुर में गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड का गैस फिलिंग प्लान्ट है। इन तीनों औद्योगिक इकाईयों को छोडकर प्रदेश में पेपर बोर्ड, वनस्पति तेल, व्हीट प्रोडक्ट्स, क्राफ्ट, सोया प्रोडक्ट्स, यूरिया, अमोनिया ओर सिन्थेटिक यार्न, मध्यम उद्योग स्थापित है। सागर, विदिशा, गुना एवं अशोकनगर में लघु उद्योगों की श्रेणी में कृषि आधारित, वन आधारित पशु आधारित, खनिज एवं गैस संसाधन आधारित लघु उद्योग स्थापित हैं। गुना जिले की चंदेरी तहसील हस्तकरघा आधारित कपड़ों के लिये प्रसिद्ध है। औधोगिक विकास केन्द्र तथा जिला औधोगिक केन्द्र द्वारा उघोग हेतु भूमि की उपलब्ध सारणी क्र. 5-सा-6 में प्रदर्शित है।

बीना औद्योगिक प्रदेश में शामिल चारो जिलों में सागर तथा गुना जिले में दो-दो वृहद उद्योग हैं तथा अन्य जिलों में मध्यम एवं लघु उद्योग हैं। विदिशा जिले में कृषि आधारित उद्योगों, सागर जिले में वन आधारित उद्योग, अशोकनगर जिले में वन एवं कृषि आधारित उद्योग का प्रतिशत सर्वाधिक है। बीना रिफायनरी की स्थापना के पश्चात् इससे सहयोगी उद्योग जैसे सर्विस उद्योग, विद्युत यांत्रिकी, रसायन, फर्टीलाइजर जैसे उद्योग स्थापित होने की संभावना बढ़ी है। विदिशा जिले के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 0.1 प्रतिशत, गुना में 0.5 प्रतिशत एवं सागर में 0.8 प्रतिशत क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है। प्रदेश में स्थापित उद्योग मानचित्र क्रमांक 5.6 में प्रदर्शित है।

लैण्ड बैंक के अंतर्गत औद्योगिक भूमि की उपळब्धता

5-सा-6

स.क्र.	जिला	तहसील	ग्राम	उपलब्ध भूमि	रेल्वे स्टेशन
1	सागर	बण्डा	सोरई	91.65	सागर
2	सागर	खुरई	करमपुर	20.00	कुरई
3	सागर	खुरई	दलपतपुर	10.00	कुरई
4	सागर	सागर	बेलई	40.00	बीना से 10 किमी.
5	सागर	बीना	सिद्धगवां	37.18	सागर से 12 किमी
6	सागर	बीना	आई आई डीसी बीना	13.15	बीना स्टेशन
7	सागर			60.00	सागर से 45 किमी

5.5 कृषि भूमिउपयोग

बीना प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग दो तिहाई भाग कृषि के अन्तर्गत आता है। बीना, धसान, बेबस, सोना, बामनेर, बेतवा, हलाली, केयान, सुमेर, पार्वती, सिंध, कूनों, नदी घाटियों के उपजाऊ मैदानों में गेहूं, धान, ज्वार, मक्का, चना, तुअर, सोयाबीन एवं तिल का उत्पादन होता है। सोयाबीन प्रदेश की प्रमुख खरीफ फसल है। रबी के मौसम में इन क्षेत्रों में गेहूं की फसल ली जाती है। गुना, सागर,

अशोकनगर जिलों में वाणिज्य महत्व की फसलें की पैदावार ली जाती है। परन्तु इन फसलों का क्षेत्रफल प्रमुख फसलों की तुलना में बहुत कम है। प्रदेश के चारों जिलों में तिलहन फसले जिसमें मूंगफली, अरण्डी, सरसों, रमतिला आदि फसलों की पैदावार ली जाती है, परन्तु विदिशा जिले में इनकी कृषि नगण्य है। शेष तीन जिलों में तिलहन फसलों का उत्पादन लिया जाता है। प्रदेश में जहाँ पर काली मिट्टी पायी जाती है। उन क्षेत्रों में कपास तथा गन्ने की कृषि की जाती है। पूरे प्रदेश में इन दोनो फसलो का उत्पादन बहुत सीमित है। जिले स्तर पर प्रमुख फसलों के अन्तर्गत सोयाबीन, मक्का, तुअर, उड़द, मसूर, घान मुख्य खरीक फसले है। सोयाबीन की खेती सबसे ज्यादा विदिशा जिले में कुल खरीक क्षेत्र के 98.95 प्रतिशत, सागर में 98.04 प्रतिशत, गुना मे 92.80 प्रतिशत तथा अशोकनगर में 87.56 प्रतिशत भाग मे ली जाती है। प्रदेश के चारो जिलों मे घान की खेती केवल सागर जिले मे ही होती है। यहाँ यह कुल खरीक क्षेत्र के 4.29 प्रतिशत भाग पर की जाती है। दालों में मुख्यतः तुअर, उडद, मसूर मुख्य फसले है। तुअर सबसे अधिक गुना जिले में कुल तिलहन क्षेत्र के 91.42 प्रतिशत भाग मे ली जाती है। आशोकनगर जिले में 65.82 प्रतिशत, सागर में 64.34 प्रतिशत तथा विदिशा जिले में 62.15 प्रतिशत में ली जाती है। प्रदेश के चारो जिलों मे वाणिज्य फसले, जिसमे गन्ना तथा कपास की फसले शामिल है का क्षेत्रफल सागर जिले में 0.07 प्रतिशत, विदिशा जिले में 0.06 प्रतिशत, अशोकनगर जिले में 0.29 प्रतिशत तथा गुना जिले में 0.59 प्रतिशत है। रबी फसलो में गेहूँ प्रदेश की प्रमुख फसले है। गेहूँ की खेती सबसे ज्यादा विदिशा, सागर एंव आशोकनगर जिलों में की जाती है। विदिशा जिले में 95. 04 प्रतिशत, सागर जिले में 90.26 प्रतिशत, अशोकनगर जिले में 88.46 प्रतिशत तथा गुना जिले में 66.07 प्रतिशत कुल रबी क्षेत्र में गेहूं की पैदावार की जाती है। प्रदेश के कुल बोयी गयी। विभिन्न फसलो के अंतर्गत क्षेत्र का विश्लेषण किया जाये तो सागर जिले में कुल बोया क्षेत्र के 60.82 प्रतिशत में अनाज, 53.66 प्रतिशत में दालें, 6.82 प्रतिशत में तिलहन तथा 0.15 प्रतिशत में अन्य वाणिज्य फसले लगाई जाती है। विदिशा जिले में 35.57 प्रतिशत में अनाज, 64.78 प्रतिशत में दाले, 34.24 प्रतिशत में तिलहन तथा 0.08 प्रतिशत में वाणिज्य फसले लगाई जाती है। गुना जिले में 36.82 प्रतिशत में अनाज, 24.49 प्रतिशत में दालें, 53.70 प्रतिशत में तिलहन तथा 0.59 प्रतिशत में वाणिज्य फसले लगाई जाती है। अशोकनगर जिले में 38.74 प्रतिशत में अनाज 63.56 प्रतिशत में दालें, 27.88 प्रतिशत में तिलहन, तथा 0.45 प्रतिशत में अन्य वाणिज्य फसलें लगाई जाती हैं। उपरोक्त आंकडों से स्पष्ट है कि कुल बोया क्षेत्र में चारों जिलों में तिलहन तथा दालों की प्रमुखता है, और इसके पश्चात अनाज की फसलें आती है।

5.5.1 कृषि उत्पादों की पैदावार

बीना औद्योगिक क्षेत्र में जिलावार प्रमुख फसलें, सारणी क्र. 5-सा-7 में दर्शाया गया है। सारणी से स्पष्ट है कि प्रदेश म्रे प्रमुख फसलें में गेहूं का उत्पादन सभी जिलों में सर्वाधिक होता है। जो कुल अनाज फसलों के उत्पादन का 87.4 प्रतिशत है। यह रबी की प्रमुख फसल है। खरीफ फसलों के अन्तर्गत सोयाबीन मुख्य फसल है। जो तिलहन फसलो के कुल उत्पादन का 97.12 प्रतिशत सोयाबीन से आता है। दालो के उत्पादन में चना सबसे प्रमुख फसल है। पैदावार की दृष्टि से समस्त दालों का 71.65 प्रतिशत चने से, 16.73 प्रतिशत मसूर से तथा 8.56 प्रतिशत उड़द (खरीफ) से आता है। इसके अलावा

मक्का, सरसो, अरंडी का भी उत्पादन प्रदेश में होता है। परन्तु क्षेत्रफल कम होने के कारण पैदावार कम है।

बीना प्रदेश में प्रमुख फसलो का उत्पादन (प्रति हेक्टेयर)						5-सा-7
खधान्न फसले	**अशोक नगर**	**गुना**	**सागर**	**विदिशा**	**रीजन का कुल योग**	**औसत उत्पादन**
धान	827	837	566	847		
गेहू	1,190	1,568	984	1,172	4,914	1228.50
ज्वार - खरीफ	1,041	902	1,122	1,404	4,469	1117.25
बाजरा	0	833	800	0	1,633	408.25
जौ	2,016	2,189	1,339	1,939	7,483	1870.75
मक्का	1,482	1,070	1,095	1,353	5,000	1250.00
कोदो कुटकी	313	0.0	268	0.0	581	145.25
अन्य	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0	0.00
योग	**6,889**	**7,399**	**6,174**	**6,715**	0.0	**27177.0**
व्यवसायीक फसले	**अशोक नगर**	**गुना**	**सागर**	**विदिशा**		
कपास	0	390	0.0	449	0.0	449.00
गन्ना	2,452	1,821	2,392	1,814	8,479	2219.75
योग	**2452**	**2211**	**2392**	**2,263**	0	**9318.00**
तिलहन	**अशोक नगर**	**गुना**	**सागर**	**विदिशा**		
मूँगफली	1,385	1,200	766	1,214	4,565	**1141.25**
सिसम बीज	804	794	236	448	0	2282.00
सोयाबीन	1,075	1,161	576	1,005	3,817	954.25
रमतीला	211	211	198	202	822	205.50
अलसी	968	1,072	467	711	3,218	804.50
सरसों	758	619	640	817	2,834	708.50
अन्य तिलहन	0	0	0	0	0	0
योग	**5,201**	**5,057**	**2,883**	**4,397**	0	**17538**

दालें	अशोक नगर	गुना	सागर	विदिशा		
चना	522	514	611	664	2,311	577.75
मूँग/मोठ - खरीफ	458	391	319	347	1,515	378.75
मूँग/मोठ - रबी	0	0	288	0		288.00
तुअर	547	546	488	542	2,123	530.75
उड़द	531	448	338	410	1,727	431.75
मटर	524	492	453	522	1,991	497.75
मसूर	726	598	415	513	2,252	563.00
अन्य	0	0	0	0	0	0
योग	**3,305**	**2,989**	**2,912**	**2998**	0	**12204**

5.5.2 उत्पादन

प्रमुख फसले जैसे गेहूं, धान, ज्वार, मक्का, चना, तुअर, मूंगफली, सोयाबीन, उड़द, सरसो, मूंग मसूर, कपास और गन्ने का प्रति हेक्टेयर उत्पादन सारणी क्र. 5-सा-7 में दर्शाया गया है। सारणी से स्पष्ट है कि प्रति हेक्टेयर गेहूं का सर्वाधिक उत्पादन गुना जिले में होता है। गुना में उत्पादन 1568 कि. ग्रा. प्रति हेक्टेयर है, अशोकनगर में 1190 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर, विदिशा में 1172 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर तथा सबसे कम सागर जिले में 984 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर है। ज्वार का सबसे अधिक उत्पादन विदिशा जिले में 1404 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर हे। सोयाबीन के उत्पादन में भी गुना जिला आगे है यहां प्रति हेक्टेयर 1161 कि.ग्रा. सोयाबीन की फसल ली जाती है। सभी प्रकार के तिलहन उत्पादन में अशोक नगर सबसे आगे है। इसके पश्चात गुना जिला, विदिशा जिला तथा सबसे कम सागर जिले में तिलहन उत्पादन होता है। चने का सबसे ज्यादा उत्पादन विदिशा जिले में 664 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर, सागर जिले में 611 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर अशोकनगर जिले में 522 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर तथा गुना जिले में 514 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर उत्पादन होता है। मूंग, उडद का उत्पादन लगभग सभी जिलो में होता है परन्तु मसूर दाल का उत्पादन अशोकनगर जिले में सर्वाधिक है।

5.6 वन भूमिउपयोग

बीना औद्योगिक प्रदेश में वनों के क्षेत्र के अंतर्गत वनों को घने वन, कम घने वन, खाली वन क्षेत्र, वृक्षारोपण क्षेत्र, गोचर आदि को शामिल किया गया है। वनक्षेत्र के बाहर के राजस्व वनों को ट्री क्लेड श्रेणी में शामिल किया गया है क्योंकि इन क्षेत्रों में वृक्षों की अधिकता है। बीना औद्योगिक प्रदेश के चारों

